प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

बुधवार 26 जून 2024

● वर्ष 02 ● अंक 137

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

37 वर्ष 1987-2023

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## न्यूज अपडेट

### राहुल गांधी लोस में होंगे कांग्रेस संसदीय दल के नेता

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18वीं लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता बनाये गये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर मंगलवार की शाम संसद में विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा में गांधी को सदन में कांग्रेस का नेता नियुक्त किया है और इसकी जानकारी प्रोटेम स्पीकर भतृहरि महताब को दे दी गई है।

### यूक्रेन, मोल्दोवा यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए वार्ता शुरू करेंगे

**ब्रसेल्स/एपी।** यूक्रेन यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ समूह की सदस्यता के लिए आधिकारिक तौर पर वार्ता शुरू करने जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अपने देश के नागरिकों के लिए सपना सच होने जैसा बताया है। रूस के साथ यूक्रेन के युद्ध के दो साल से अधिक समय बाद यह वार्ता शुरू होने जा रही है। यूक्रेन की यूरोपीय मामलों की उप प्रधानमंत्री ओल्गा स्टेफनिशिना लक्जमबर्ग में एक अंतर-सरकारी सम्मेलन में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। इसके साथ यूक्रेन के कानूनों और मानकों को 27 देशों के समूह के अनुरूप बनाने के लिए वार्ता की आधिकारिक शुरुआत होगी। मोल्दोवा भी ईयू में आधिकारिक तौर पर शामिल होने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक अलग अंतर-सरकारी सम्मेलन में भाग लेगा।

### जम्मू से वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

**कटरा/जम्मू/भाषा।** जम्मू से माता वैष्णो देवी मंदिर तक मंगलवार को सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई जिससे समय की कमी के कारण एक दिन के भीतर ही इस पवित्र मंदिर में दर्शन की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा होगी। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। यह हेलीकॉप्टर सेवा रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर और मंदिर के पास सांझी छत के बीच पहले से ही उपलब्ध हेलीकॉप्टर सेवा के अतिरिक्त है, जिनका एक तरफ का किराया 2,100 रुपये प्रति व्यक्ति है। जम्मू से इस सेवा का विकल्प चुनने वाले तीर्थयात्रियों के पास दो पैकेज के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसमें उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 रुपये और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये लगेंगे। अधिकारियों ने बताया कि नई सेवा की शुरुआत के अवसर पर तीर्थयात्रियों को लेकर पहला हेलीकॉप्टर सुबह करीब 11 बजे जम्मू हवाई अड्डे से रवाना हुआ।

## भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले दिल्ली में राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की



**दिल्ली।** दिल्ली प्रवास के दौरान देश के रक्षा राज्य मंत्री और राँची के यशस्वी सांसद, श्री संजय सेठ से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें हार्दिक बधाई दी।

अत्यंत सरल, सौम्य, कर्मठ और ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी श्री संजय सेठ जी पर वाहेगुरु सच्चे पातशाह जी की कृपा सदैव बनी रहे, आप कार्यकर्ताओं की आवाज़ बनें और अपनी मातृभूमि के साथ-साथ धरतीआबा की पावन धरती झारखण्ड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए

आबकारी 'घोटाला' :

## उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत पर रोक लगाई

■ निचली अदालत के न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी द्वारा उठाए गए तर्कों का उचित आकलन नहीं किया।



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और उसने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि जमानत आदेश को लेकर ईडी की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इसने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी द्वारा उठाए गए तर्कों का उचित आकलन नहीं किया। पीठ ने कहा कि धारा 439(2) के तहत याचिका में दी गई दलीलों/आधारों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

उच्च न्यायालय ने कहा, ''तदनुसार, वर्तमान आवेदन स्वीकार किया जाता है और विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है।''

निचली अदालत की न्यायाधीश, न्याय बिंदु ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। ईडी ने अगले दिन उच्च न्यायालय का रुख किया और दलील दी कि निचली अदालत का आदेश ''त्रुटिपूर्ण, एकतरफा और गलत'' था तथा उसे मामले पर बहस करने का पर्याप्त अवसर दिए बिना पारित कर दिया गया।

## आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं : मोदी



■ केवल सत्ता से चिपके रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रत्येक लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और राष्ट्र को कारागार बना दिया। जो भी व्यक्ति कांग्रेस से असहमत होता था, उसे प्रताड़ित किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाते हुए सामाजिक रूप से उन्हें नुकसान पहुंचाने वाली नीतियां शुरू की गईं।

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लागू कर बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को कुचला, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है।

आपातकाल की बरसी पर मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि जिस मानसिकता के कारण देश में आपातकाल लगाया गया था, वह आज भी उस पार्टी में जीवित है जिसने इसे लागू किया था। उन्होंने कहा, वे अपने प्रतीकवाद के माध्यम से संविधान के प्रति अपने तिरस्कार को छिपाते हैं, लेकिन भारत के लोगों ने उनकी हरकतों को देखा है और इसीलिए उन्होंने उन्हें बार-बार खारिज किया है।

मोदी ने कहा कि आज का दिन उन सभी महापुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया था। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्हें हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम को जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने असंख्य मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाया, प्रेस की स्वतंत्रता को नष्ट करने के लिए एक विधेयक लेकर आए, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा, आपातकाल के काले दिन हमें याद दिलाते हैं कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को कुचला जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल सत्ता से चिपके रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रत्येक लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और राष्ट्र को कारागार बना दिया। उन्होंने कहा, जो भी व्यक्ति कांग्रेस से असहमत होता था, उसे प्रताड़ित किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाते हुए सामाजिक रूप से उन्हें नुकसान पहुंचाने वाली नीतियां शुरू की गईं।

साल 1975 में 25-26 जून की दरम्यानी रात से 21 मार्च 1977 तक (21 महीने के लिए) भारत में आपातकाल घोषित किया गया था।

तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा की थी।

## इलाज से वंचित ना रहे राज्य का कोई गरीब: चंपई सोरेन



**रांची।**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपये तक की इलाज की सुविधा मिलेगी।

ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे।

स्वास्थ्य उप केंद्रों को सुविधायुक्त बनाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके।

नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ाई जाए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता है, उसे बढ़ाया जाए। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूलऔर कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करें मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इस दिशा में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कदम उठाए। निवेशकों को या भरोसा दिलाएं कि मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए उन्हें सरकार की ओर से सभी जरूरी सहयोग किया जाएगा।

बैठक में मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. सीके साही और निदेशक औषधि ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे

## भाजपा का आस्था का सबसे बढ़ा भ्रष्टाचार श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में पानी टपकना: सुप्रियो भटाचार्य



**रांची।** अयोध्या के श्री राम मंदिर के गर्भ गृह से पहली ही बरसात में पानी टकपना भाजपा का आस्था का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है. यह बात हम नहीं कर रहे हैं .मंदिर के मुख्य आचार्य महंत शैलेंद्र दास जी ने देश को बताया रामपथ पहली बारिश में बह गया. रेलवे स्टेशन की चहारदीवारी भी गिरने लगे हैं. अभी तो यह मानसून ठीक से आया भी नहीं है. पूरा मानसून बाकी है. सोचिए क्या आगे क्या होगा. यह उस अवतार पुरुष के लिए सबक है जो खुद कहते हैं कि मैं बॉयोलिजिकल पैदा नहीं हुआ, जो यह कहते थे कि वह कहीं भी भगवान श्री राम को ले जा सकते हैं, उनकी जिद के कारण एक अर्धनिर्मित मंदिर का केवल और केवल चुनावी फायदे के लिए कर प्राण प्रतिष्ठा कर उदघाटन करा दिया गया. उस समय भी शंकरचार्य ने इसका विरोध किया था मगर अवतार पुरुष ने किसी की नही सुनी और परिणाम सामने आने लगा है. अब इस भाजपा के इस आस्था के भ्रष्टाचार पर बाबूलाल जी को खुद को कुछ बोलना चाहिए और अपने राष्ट्रीय नेताओं को भी उपदेश देना चाहिए. यह बातें झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी ऑफिस में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

उन्होंने कहा कि यह देश एवं विश्व के सच्चे राम भक्तों का अपमान है. हम भगवान श्री राम को भीगने नहीं देंगे. जरूरत पड़ी तो हम कार सेवा देने को भी तैयार हैं. जिस प्रकार से मंदिर निर्माण के लिए जमीन खरीद में अनियमितता, मंदिर निर्माण में अनियमितता, गुजरात लॉबी का हावी रहना के मामले हुए हैं. अब प्रभु श्री राम ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है. पहले भाजपा को अध्योध्या सहित आसपास के सभी सीटें हारनी पड़ी, इतना ही नहीं लंका दहन के समय प्रभु श्री राम जिस-जिस मार्ग से गए, वहां भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है. इससे यह साबित होता है कि भाजपा को आस्था के साथ खिलावाड़ अब महंगा पड़ने लगा है.

भट्टाचार्य ने कहा कि आज कल भाजपा के जो लोग झारखंड घूमने आते हैं, भ्रष्टाचार-भ्रष्टाचार बोलते हैं. हम याद दिला दें कि इस राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में कोदाई बांध उदघाटन के पहले ही बह गये थे. फिर रघुवर राज में कोनार डैम को चूहे कुतर गये थे. मोमेटम झारखंड का घोटाला भी रघुवर राज में हुआ. बिहार में सात दिन में तीन पुल बह गए. हरमू नदी को नाला भी भाजपा के शासन काल में बनाया गया. इस तरह से भाजपा-एनडीए राज में घोटालों का लंबी फेहरिस्त है. समय आने पर उसे जारी किया जाएगा. इसी तरह से जब केंद्र जब जी-20 समिट हो रहा था तो ऐसे पेश किया गया लगा कि भारत को पहली बार किसी आयोजन की मेजबानी मिली है. आयोजन के पहले कई चीजें ढंग दी गयी, मगर आयोजन खत्म होते ही दिल्ली का तैयार किया गया भारत मंडप बह गया.

सुप्रियो ने कहा कि देश में मोदी जी के आने के बाद संसदीय परंपराएं तार-तार की गयी. पहली बार उप सभापति पद विपक्ष को नहीं मिला. इस बार भी वही होने जा रहा है. पहली बार 2019 में 160 सांसदों को सस्पेंड किया गया जिसमें केवल राज्यसभा से 68 सांसद शामिल थे. संसद की कार्यवाही म्यूट की गयी. टीवी का फोकस का एंगल बदला गया. निवर्तमान स्पीकर का आचरण असंसदीय रहा. इसलिए विपक्ष अपना उपसभापति चाहता था. जब बात नहीं मानी गयी तब विपक्ष को अपना प्रत्याशी उतारना पड़ा. इसलिए पहली बार देश में स्पीकर के लिए वोटिंग होगी.

## अठारहवीं लोकसभा : राहुल, अखिलेश, बिरला और सुप्रिया सुले समेत कई सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। कांग्रेस सदस्य राहुल गांधी ने अंग्रेजी में शपथ ली। शपथ के वक्त उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। उन्होंने शपथ लेने के बाद पोडियम से 'जय हिंद, जय संविधान' के नारे लगाये।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से निचले सदन के लिए निर्वाचित यादव ने भी शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। अखिलेश यादव के अलावा उनकी पत्नी एवं मैनपुरी की नवनिर्वाचित सदस्य डिंपल यादव ने भी शपथ ली।

अखिलेश यादव ने जब शपथ ली तो विपक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाकर खुशी का इजहार किया। धारावाहिक रामायण में भगवान राम के किरदार से मशहूर हुए मेरठ के नवनिर्वाचित भाजपा सांसद अरुण गोविल और मथुरा से पुन: सांसद निर्वाचित हुईं भाजपा सदस्य हेमा मालिनी ने भी लोकसभा की सदस्यता ग्रहण की।

सदन में भोजनावकाश से पहले पंजाब के सदस्यों को जब शपथ दिलाई जा रही थी, उस दौरान लोकसभा महासचिव ने डिब्रूगढ़ की जेल में बंद कथित खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का नाम शपथ लेने के लिए पुकारा। हालांकि खडूर साहिब सीट से निर्वाचित हुए सिंह सदन में उपस्थित नहीं थे।



### हाथ में संविधान की प्रति लेकर राहुल ने ली शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। राहुल गांधी ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा भी लगाया। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शपथ के लिए जब राहुल गांधी का नाम पुकारा गया तो कांग्रेस के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और 'जोड़ो जोड़ो, भारत जोड़ो' के नारे लगाने लगे।



### 'रामायण के राम' ने ली संस्कृत में शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अरुण गोविल ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ संस्कृत भाषा में ली। जब शपथ के लिए अरुण गोविल का नाम पुकारा गया तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। गोविल ने टेलीविजन के मशहूर धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाई थी। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा सांसद महेश शर्मा ने भी संस्कृत में शपथ ली।

एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए

## कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला : शाह



■ देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है।

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी दल ने 'एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने' के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला।

साल 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का 'युवराज' करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिये कांग्रेस ने हमारे संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए।'' उन्होंने कहा, ''राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के योग्य नहीं है। तानाशाही कृत्य पर गर्व करना यह दिखाता है कि कांग्रेस के लिए परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है।''

शाह ने इससे पहले एक अलग पोस्ट में कहा, ''देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।'' उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे, मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी।

## न्यूज अपडेट

### सेल की मेघाहातुबुरु खदान में कैंफर दुर्घटनाग्रस्त, 12 मजदूर घायल

**चाईबासा।** सेल की मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान में सोमवार की रात करीब 8.15 बजे एक कैम्फर वाहन दुर्घटनागस्त हो गया. हादसे में 12 से अधिक मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को सेल की एम्बुलेंस व अन्य वाहनों से इलाज के लिए सेल अस्पताल किरीबुरु लाया गया. घटना के बाबत घायल मजदूरों ने बताया की वे लोग पुनिया नामक कंपनी जिसका ठेकेदार मिश्राजी हैं, के अधिन मेघाहातुबुरु स्क्रिनिंग प्लांट में काम कर रहे थे. काम खत्म करने के बाद रात में लगभग 30 मजदूर एक ही वाहन पर सवार होकर मेघाहातुबुरु वापस लौट रहे थे. इसी दौरान खदान के अंदर सुरक्षा माता वाली चढ़ाई पर वाहन चढ़ नहीं पा रहा था और चालक की लापरवाही से वाहन पीछे होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में घायल मजदूरों में संको सोरेन, कारु सोरेन, रामदास हेम्ब्रम, दासो बेसरि, सुरु हंसदा, लखन हंसदा, मसंग हेम्ब्रम, बस्ता मुर्मू, दीकीराम टुडू, धानो मुर्मू शामिल हैं. ये सभी मजदूर घाटशिला के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं. संको सोरेन, कारु सोरेन, रामदास हेम्ब्रम, दासो बेसरा को गंभीर चोटें आयी हैं. अस्पताल में सीआईएसएफ व सेल के अधिकारी घायलों को मदद में लगे हुए हैं।

### गम्हरिया अंचल में मेगा लीगल कैंप 30 जून को

**जमशेदपुर।** गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में डालसा के तत्वावधान में आगामी 30 जून को मेगा लीगल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस बावत जानकारी देते हुए बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया गया कि उक्त कैंप में लोग अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। कैंप में कई न्यायिक दंडाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर लोग किसी भी प्रकार के कानूनी मामले की मुफ्त सलाह भी ले सकते हैं। इस दौरान कई लाभुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील किया है।

### गम्हरिया प्रखंड में भूमाफिया और बिचौलिया गिरोह सक्रिय

**जमशेदपुर।** गम्हरिया प्रखंड और अंचल कार्यालय में भूमाफिया और बिचौलिया गिरोह सक्रिय है। ये सक्रिय बिचौलिए अंचलकर्मियों का मनोबल गिराने और राज्य में महागठबंधन सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। यह बातें युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव ने एक बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि राजद, झामुमो और कांग्रेस गठबंधन वाली राज्य सरकार चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में योजनाओं पर बेहतरीन कार्य कर रही है। इससे घबरा कर भाजपाई मानसिकता के लोग सरकार और सरकार की योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले ईमानदार अधिकारियों पर मनगढ़ंत एवं झूठे लगा कर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। इससे महागठबंधन की सरकार घबराने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी मजबूती से गरीबों और जरूरतमन्दों का काम करती रहेगी। दूसरी ओर, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रदेश सचिव मनोज पासवान ने भी डीसी से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सक्रिय विचौलियों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि ये विचौलिए आम जनता को अधिकारियों तक पहुंचने नहीं देते हैं और भोली भाली जनता का दोहन करते हैं।

### किसी भी कार्य के लिए छात्रों को नही लाने की चेतावनी

**जमशेदपुर।** बड़ा गम्हरिया स्थित राजकीय बुनियाद मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवकिशोर माझी द्वारा कड़ी धूप में पुस्तक लाने के लिए स्कूल के छात्र को बीआरसी लाने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भड़क उठी। उन्होंने वहां मौजूद विद्यालय के शिक्षक को फटकार लगाते हुए भविष्य में किसी भी छात्र को पुस्तक या किसी भी कार्य के लिए नही लाने की चेतावनी दी। बताया गया है कि अपने भ्रमण के दौरान बीईईओ जब बीआरसी भवन पहुंची तो उन्होंने कड़ी धूप में विद्यालय के समय पर बीआरसी के बाहर छात्र को खड़ा देखा। पूछताछ के दौरान उन्हें पता चला कि वह बड़ा गम्हरिया बेसिक स्कूल का छात्र है, जो अपने प्रधानाध्यापक के साथ पुस्तक लेने आया है। इससे वह भड़क उठी। उन्होंने शिक्षक को फटकार लगाते हुए दोबारा ऐसी गलती करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### पैसों के लेन देन को लेकर जुगसलाई में हुई थी फायरिंग, तीन को जेल

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के बलदेव बस्ती में हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया. इस मामले में सिटी एसपी ने मुकेश लुनायत ने बताया रविवार को जुगसलाई थाना क्षेत्र के बलदेव बस्ती के रहने वाले करण सिंह पर फायरिंग की घटना में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया. जेल भेजे गये आरोपियों में सितारामडेरा थाना क्षेत्र का रहने वाला संजय भुईया, अमन मंडल और जुगसलाई थाना क्षेत्र के रहने वाला प्रहलाद कर्मकार शामिल है. ये सभी दोस्त है. पूर्व में इनके बीच पैसे को लेकर विवाद था. पैसे के विवाद में ही करण सिंह पर फायरिंग की गयी है. वहीं उनके पास से पुलिस ने एक पिस्तौल और एक खोखा बरामद किया गया. फिलहाल तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### हथियार का भय दिखाकर लूट करने के मामले में तीन गयें जेल

**जमशेदपुर।** सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने हथियार का भय दिखाकर लूट के मामले का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है. गिरफ्त में आये तीन सदस्य एक ही गैंग के गिरोह है. इस मामले में बिरसानगर के आशु कॉलोनी का हर्ष ओम शर्मा (25), सीतारामडेरा के बागुननगर का राहुल कुमार यादव (24) और बिरसानगर के कालू बगान का अरूण उदय महतो (25) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है. एसपी ने बताया कि इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गयी आरएस200 पल्सर, 2 हजार नगद, पर्स, आधार और पैन कार्ड, अपराधकर्मियों का पहना हुआ कपड़ा और तीन मोबाइल बरामद किया है. गिरफ्त में आये एक अपराधी हिस्ट्रीशिटर है. सिटी एसपी ने घटना का उद्भेदन करते हुए बताया कि 21 और 22 जून को लगातार हथियार का भय दिखाकर एमजीएम और बिरसानगर में लूट की घटना को इन अपराधियों द्वारा अंजाम दिया जाता था. जहां बाइक सवार अपराधियों द्वारा राहगीरों से वाहन रोकर लूट की जाती थी. फिल्हाल तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### जमशेदपुर पुलिस ने दरभंगा में फरार आरोपी के लिए इश्तेहार चस्पा किया

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा पुलिस ने बिहार के दरभंगा में दबिश दी है. डीजल का कारोबार करने के मामले में करीब 12 लाख रुपये की फर्जीवाड़ा के मामले में सीतारामडेरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी संतोष गिरी के घर पर दबिश दी है. वह फरार चल रहा है. संतोष गिरी के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया है. इस मामले को लेकर संतोष गिरी के खिलाफ वारंट जारी है. बिहार के दरभंगा जिले के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गयी है. आरोपी को कहा गया है कि वह तत्काल कोर्ट में हाजिर हो. 25 जून को कोर्ट में सुनवाई होनी है। डीजल के कारोबार करने के लिए 12 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा करने के मामले में सीतारामडेरा थाना में दीपक मोनानी नामक कारोबारी ने केस दर्ज किया है. 2022 को यह केस दर्ज हुआ था. इस मामले में संतोष गिरी के अलावा अभिषेक सिंह, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, रंजीत प्रसाद और प्रवीण कुमार सिन्हा आरोपी है. संतोष गिरी के अलावा सारे लोगों ने अपनी जमानत ले ली है. इस मामले में आरोपी रंजीत प्रसाद जमशेदपुर का रहने वाला है. अन्य सारे आरोपी शहर के बाहर के है।

# एसएनएसवीएम में 'नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान' के तहत संवाद सत्र का आयोजन

**घाटशिला।**

संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर घाटशिला में मंगलवार को विद्यालय के मल्टीमीडिया हॉल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नशे की लत के हानिकारक प्रभावों पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में एचसीएल/आईसीसी अस्पताल मऊभंडार के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डीडी बर्मन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रशासक





श्रीमती शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार एवं प्राचार्य श्रीमती नीलकमल सिन्हा के हाथों डॉ. बर्मन को फलों की टोकरी, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर की गई। विद्यालय प्रबंधक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का सभी से परिचय कराया। जिसके बाद डॉ. बर्मन ने सभी विद्यार्थियों को नशे के दुरुपयोग, इसके दुष्प्रभावों एवं इससे बचने के उपायों से अवगत कराया। इस संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने अपनी शंकाओं को दूर करने के लिए कई रोचक प्रश्न भी पूछे। जिनका उत्तर डॉ. डीडी बर्मन ने दिया। डॉ बर्मन और स्कूल प्रिंसिपल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती राजश्री राय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सह शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सास्वती राय पटनायक ने किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य श्री आर.जी. चौमाल और शैक्षणिक प्रभारी श्री एस.आर. दत्ता भी उपस्थित थे। इससे पहले भी छात्रों ने घाटशिला के मुख्य मार्ग पर प्रभात फेरी निकालकर स्वनिर्मित पोस्टर के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा की थी और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जागरूकता पैदा की थी। इस पहल के तहत, नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए 'नशा मुक्त समाज - क्यों और कैसे?' विषय पर भाषण प्रतियोगिता और छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

## आरवीएस अकादमी का एएसआईएससी क्षेत्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024 जूनियर वर्ग आयोजित

**जमशेदपुर।**

आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो, में जूनियर वर्ग के लिए एएसआईएससी क्षेत्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद का विषय था क्या ऑनलाइन शिक्षा पारंपरिक शिक्षा जितनी प्रभावी है, इस विषय पर प्रतिभागियों ने गहन तर्क दिए। इस कार्यक्रम में सीआईएससीई से संबद्ध 26 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में आरवीएस अकादमी के चेयरमैन बिन्दा सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी समिति के सदस्य शक्ति सिंह, प्राचार्य वीशा मोहिंद्रा, उप प्राचार्य अनीता तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों




सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। जुस्को स्कूल कदमा की प्राचार्य झुमझुमी नंदी ने वाद-विवाद की मॉडरेटर के रूप में कार्य किया। निर्णायक मंडल में चिन्मया विद्यालय, बिष्टुपुर से प्रतिष्ठित अंग्रेजी शिक्षिका बबिन सरकार और के. शाहीन तथा जुस्को स्कूल, कदमा से रितु चट्टराज शामिल थीं। प्रतियोगिता कड़ी थी, तथा बहसों की एक गहन श्रृंखला के पश्चात, निम्नलिखित परिणाम घोषित किए गएः- प्रस्ताव के लिए सर्वश्रेष्ठ वक्ता अविका पाण्डे सक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल से एवं प्रस्ताव के विरुद्ध सर्वश्रेष्ठ वक्ता ईशिका पाण्डे, तारापोर स्कूल से रहे। द्वितीय रनर-अप टीम में ईशिका पाण्डे एवं तनिशा शर्मा, तारापोर स्कूल से, प्रथम रनर-अप टीम तरुणा सुदर्शन एवं शंभबि बंदोपाध्या, लिटल फ्लावर स्कूल से तथा विजेता अविका पाण्डे एवं प्रज्ञा सिंह सक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल से रहे। प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं ने अपने असाधारण वाद-विवाद कौशल तथा विषय की गहन समझ का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त की है। आरवीएस अकादमी सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देती है। इस कार्यक्रम ने न केवल आलोचनात्मक सोच और प्रभावी संचार के साधन के रूप में वाद-विवाद के महत्व को उजागर किया, बल्कि शिक्षा के उभरते परिदृश्य पर विविध दृष्टिकोणों को भी रेखांकित किया।

## आज से कोल्हान में अच्छी बारिश के आसार

**जमशेदपुर।** कोल्हान समेत पूरे झारखंड में मंगलवार को बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली. मंगलवार को गढ़वा जिले का पारा सबसे अधिक 40.9 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं अब तक रामगढ़ में सबसे अधिक बारिश 4.0 एमएम रिकॉर्ड की गयी. मंगलवार को तीन जिले का तापमान गढ़वा, पलामू और डाल्टनगंज का तापमान 40 डिग्री के पार रहा. वहीं जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. सरायकेला और पश्चिम सिंहभूम का अधिकतम तापमान 39.6 और 37.6 डिग्री दर्ज किया गया. इसी के साथ पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में मंगलवार को बूंदाबांदी हुई. वहीं बुधवार को तेज गरज के साथ अच्छी बारिश की संभावना है। इन जिलों में अच्छी बारिश की उम्मीद द मौसम विभाग रांची केंद्र के पूर्वानुमान अनुसान झारखंड के अधिकांश जिलों में झमाझम बारिश की उम्मीद है. इस दौरान 26 जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण हिस्सों में यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में भारी बारिश की संभावना है. वहीं 28 और 29 जून को उत्तर पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य हिस्सों में यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा और रांची बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ में झमाझम बारिश के आसार है।

## अरबों रुपये के जीएसटी घोटाला में स्क्रैप कारोबारी बबलू जायसवाल को जेल

**जमशेदपुर।**

शहर के जाने माने स्क्रैप कारोबारी बबलू जायसवाल उर्फ ज्ञानचंद जायसवाल को जीएसपी घोटाला आरोप में गिरफ्तार किया गया है. जीएसटी विभाग बीते छह माह से बबलू की गतिविधि पर नजर बनाए हुए थी. बबलू को सोमवार की देर शाम पहले जीएसटी के साकची स्थित इंटेलिजेंस विभाग के कार्यालय में बुलाया गया. उससे कई बार बातचीत की गयी, उसके बाद उसको हिरासत में ले लिया गया. मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया. इसके पूर्व इस मामले में जीएसटी विभाग ने विक्की भालोटिया, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता और शिवदौड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था जिनसे पूछताछ में बबलू का नाम सामने आया था(. इस मामले में मुख्य अभियुक्त रांची निवासी विवेक नरसरिया अब तक फरार है। मामले का खुलासा तब हुआ था जब जमशेदपुर की जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने जांच की.

**5000 करोड़ से ज्यादा का घोटाला आया सामने**



जांच में पाया कि जमशेदपुर में कई ऐसी कंपनियां है जिनमें फर्जी तरीके से लेनदेन किया जा रहा है. जांच के क्रम में पाया गया कि 100 से ज्यादा कंपनियां ऐसी हैं जिनमें फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है. अब तक इन कंपनियों में तीन हजार से ज्यादा के लेनदेन सामने आए हैं. जमशेदपुर में ही 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी घोटाला सामने आया है. इसके बाद एक टीम का गठन किया गया जिसमें सिनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर रौशन कुमार मिश्रा, इंटेलिजेंस ऑफिसर दिनेश कुमार, राजीव रंजन और राजेश कुमार शामिल थे। सूत्रों की माने तो अब तक गिरफ्तार विक्की भालोटिया, शिवदौड़ा, अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता ने 5000 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी घोटाला किया है. वहीं बबलू ने 300 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी घोटाला किया है. बबलू इनपुट टैक्स क्रेडिट के जरिए जीएसटी घोटाले को अंजाम देता था. बबलू जायसवाल लघु उद्योग भारती के सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष भी है।

## टाटानगरः टाटा स्टील और आजाद हिंद एक्सप्रेस समेत 60 ट्रेनें रहेंगी रद्द, कई के रूट में बदलाव

**जमशेदपुर।**

खड़गपुर-हावड़ा रेल लाईन पर अंदुल स्टेशन के पास प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटलॉकिंग को लेकर रेलवे ने 60 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है. इनमें कई ट्रेनें ऐसी है जो टाटानगर होकर चलती है. इसे लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने अधिसूचना जारी कर दी है. दरअसल दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में संकरेल-संतरागाछी लिंक लाइन को अंदुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा. यह कार्य 29 जून से 08 जुलाई तक चलेगा. इस कारण इस मार्ग पर चलने वाली कई ट्रेनो को रद्द कर दिया गया है।




रद्द होने वाली ट्रेनेः- 1. 12857/12858 हावड़ा-दीघा-हावड़ा ताम्रलिप्ता एक्सप्रेस 30.06.2024 से 02.07.2024 और 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 2. 12021/12022 हावड़ा-बड़बिल-हावड़ा जन शताब्दी एक्सप्रेस 30.06.2024 से 02.07.2024 और 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 3. 12883/12884 संतरागाछी-पुरुलिया-हावड़ा एक्सप्रेस 30.06.2024 से 02.07.2024 और 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 4. 12871/22862 हावड़ा-टिटलागढ़/कांताबंजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 06.07.2024 और 08.07.2024 को रद्द रहेगी.। 5. 22861/12872 हावड़ा-टिटलागढ़/कांताबंजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 6. 22897/22898 हावड़ा-दीघा-हावड़ा कंडारी एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 7. 12822 पुरी-शालीमार धौली एक्सप्रेस 05.07.2024 से 07.07.2024 तक रद्द रहेगी। 12821 शालीमार-पुरी धौली एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 8. 12885/12886 शालीमार-भोजूडीह-शालीमार अरण्यक एक्सप्रेस 06.07.2024 और 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 9. 12278/12277 पुरी-हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस 06.07.2024 और 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 10. 18007 शालीमार-भंजपुर एक्सप्रेस 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 18008 भंजपुर-शालीमार एक्सप्रेस 09.07.2024 को रद्द रहेगी। 11. 22892/22891 रांची-हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 12. 12814/12813 टाटानगर-हावड़ा-टाटानगर स्टील एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 13. 18029 एलटीटी मुंबई-शालीमार एक्सप्रेस 04.07.2024 से 06.07.2024 तक रद्द रहेगी। 18030 शालीमार-एलटीटी मुंबई एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 14. 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 05.07.2024 से 07.07.2024 तक रद्द रहेगी। 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07..2024 तक रद्द रहेगी। 15. 12129 पुणे-हावड़ा आज़ाद हिंद एक्सप्रेस 04.07.2024 से 06.07.2024 तक रद्द रहेगी। 12130 हावड़ा-पुणे आज़ाद हिंद एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 16. 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस 04.07.2024 को रद्द रहेगी। 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 17. 18011/18013 हावड़ा-चक्रधरपुर/बोकारो स्टील सिटी एक्सप्रेस 05.07.2024 से 07.07.2024 तक रद्द रहेगी। 18014/18012 बोकारो स्टील सिटी/चक्रधरपुर-हावड़ा एक्सप्रेस 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 18. 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी-रांची-बोकारो स्टील सिटी स्पेशल 06.07.2024 से 08.07.2024 तक रद्द रहेगी। 19. 22804 संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस 05.07.2024 को रद्द रहेगी। 22803 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 20. 18049 शालीमार-बादामपहाड़ एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 18050 बादामपहाड़-शालीमार एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 21. 18051/18052 बादामपहाड़ द राउरकेला-बादामपहाड़ एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 22. 07029 अगरतला-सिकंदराबाद स्पेशल 05.07.2024 को रद्द रहेगी। 07030 सिकंदराबाद-अगरतला स्पेशल 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 23. 12503 एसएमवीटी बेंगलुरु-अगरतला एक्सप्रेस 05.07.2024 को रद्द रहेगी। 12504 अगरतला-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 24. 18628/18627 रांची-हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस 07.07.2024 और 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 25. 20971 उदयपुर सिटी-शालीमार एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 20972 शालीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 26. 12949 पोरबंदर-संतरागाछी एक्सप्रेस 05.07.2024 को रद्द रहेगी। 12950 संतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 27. 18033/18034 हावड़ा-गतसिला-हावड़ा मेमू एक्सप्रेस 07.07.2024 और 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 28. 22512 कामाख्या-एलटीटी मुंबई एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 22511 एलटीटी मुंबई-कामाख्या एक्सप्रेस 09.07.2024 को रद्द रहेगी। 29. 13434 मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 13433 एसएमवीटी बेंगलुरु-मालदा टाउन एक्सप्रेस 09.07.2024 को रद्द रहेगी। 30. 22202 पुरी-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 22201 सियालदह-पुरी दुरंतो एक्सप्रेस 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 31. 12101 एलटीटी मुंबई-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस 06.07.2024 को रद्द रहेगी। 12102 शालीमार-एलटीटी मुंबई ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 32. 12888 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 12887 शालीमार-पुरी एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी. 33. 20832 संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस 07.07.2024 को रद्द रहेगी। 20831 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 34. 22841 संतरागाछी-तांबरम एक्सप्रेस 08.07.2024 को रद्द रहेगी। 22842 तांबरम-संतरागाछी एक्सप्रेस 10.07.2024 को रद्द रहेगी।

ट्रेनों का डायवर्जनः- 1. 27.06.2024 और 04.07.2024 को शुरू होने वाली 12508 सिलचर-थ्रुवनंतपुरम एक्सप्रेस आसनसोल-आद्रा-मीनापुर-हिजली-भद्रक के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 2. 27.06.2024, 29.06.2024, 30.06.2024, 02.07.2024 और 04.07.2024 को शुरू होने वाली 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी एक्सप्रेस आसनसोल-आद्रा-मीनापुर-हिजली-भद्रक के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 3. 28.06.2024 और 05.07.2024 को शुरू होने वाली 22502 न्यू तिनसुकिया-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस यात्रा आसनसोल-आद्रा-मीनापुर-हिजली-भद्रक के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 4. 30.06.2024, 01.07.2024 और 07.07.2024 को शुरू होने वाली 12510 गुवाहाटी-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस यात्रा आसनसोल आद्रा- मीनापुर-हिजली- भद्रक के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 5. 02.07.2024 को शुरू होने वाली 12516 सिलचर-कोयंबटूर एक्सप्रेस यात्रा आसनसोल-आद्रा-मीनापुर-हिजली-भद्रक के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 6. 04.07.2024 और 05.07.2024 को शुरू होने वाली 12509 एसएमवीटी बेंगलुरु-गुवाहाटी एक्सप्रेस भद्रक-हिजली-मिदनापुर-आद्रा-आसनसोल के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 7. 04.07.2024 और 06.07.2024 को शुरू होने वाली 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस भद्रक-हिजली-मिदनापुर-आद्रा-आसनसोल के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 8. 06.07.2024 को शुरू होने वाली 12513 सिकंदराबाद-सिलचर एक्सप्रेस भद्रक- हिजली-मिदनापुर- आद्रा- आसनसोल के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी। 9. 06.07.2024 को शुरू होने वाली 12253 एसएमवीटी बेंगलुरु-भागलपुर एक्सप्रेस भद्रक-हिजली-मिदनापुर-आद्रा-आसनसोल के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेगी। 10. 07.07.2024 को शुरू होने वाली 22305 एसएमवीटी बेंगलुरु-जसीडीह एक्सप्रेस भद्रक-हिजली-मिदनापुर-आद्रा-आसनसोल के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेगी। 11. 08.07.2024 को शुरू होने वाली 15228 मुजफ्फरपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस आसनसोल-आद्रा-मीनापुर-हिजली-भद्रक के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।

ट्रेनों का पुनर्निर्धारणः- 1. 01.07.2024 को शुरू होने वाली 18616 हटिया-हावड़ा एक्सप्रेस हटिया से 22.30 बजे रवाना होगी। 2. 02.07.2024 को शुरू होने वाली 18014/18012 बोकारो स्टील सिटी/चक्रधरपुर-हावड़ा एक्सप्रेस बोकारो स्टील सिटी से 22.00 बजे/चक्रधरपुर से 20.35 बजे रवाना होगी। 3. 30.06.2024 को शुरू होने वाली 38051 हावड़ा-हल्दिया लोकल हावड़ा से 06.00 बजे रवाना होगी। 38051 हावड़ा-हल्दिया लोकल हावड़ा से 01.07.2024 को शुरू होने वाली 06.45 बजे रवाना होगी। 4. 12262 हावड़ा-सीएसएमटी मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस 01.07.2024 को शुरू होकर 07.00 बजे हावड़ा से रवाना होगी। 5. 22895 हावड़ा-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस 01.07.2024 को शुरू होकर 07.10 बजे हावड़ा से रवाना होगी।

## न्यूज अपडेट

# रातू थाना का सब इंस्पेक्ट 35 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार



**रांची**। राजधानी रांची में रातू थाना के सब इंस्पेक्टर को घूस लेते मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की रांची ब्रांच की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। टीम ने सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि कि सत्येंद्र सिंह ने केस डायरी मैनेज करने के नाम पर घूस की मांग की थी। हालांकि वादी घूस देने को तैयार नहीं था, जिसके बाद उसने इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने पूरे मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में एसीबी ने घूस मांगे जाने की बात सही पायी। इसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा



**रांची**। अपर न्यायायुक्त सचिंद्र बिरुआ की कोर्ट ने चाकू मारकर हत्या करने के तीन दोषियों मो.साजिद, रमजान अंसारी और अजमत अंसारी को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को एक- एक साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह पेश किए थे। यह हत्या की घटना अरगोड़ा थाना की है। इस संबंध में कांड संख्या 205/2019 दर्ज कराई गई थी। 21 फरवरी 2019 को हत्या की यह घटना हुई थी। घटना के दिन मामले की सूचक खुशबू हेमरोम और मानू मुंडा आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी तीनों आरोपित मो साजिद, रमजान अंसारी, और अजमत अंसारी वहां पहुंचे और भद्दी मजाक करने लगे। मना करने पर वे नहीं माने और सभी गाली गौलज कर मारपीट करने लगे।

# झारखंड हाई कोर्ट ने माओवादियों को मदद करने के आरोपित प्रभु प्रसाद साहू को दी जमानत



**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने माओवादियों की मदद करने के आरोपित प्रभु प्रसाद साहू को मंगलवार को जमानत दे दी। प्रभु प्रसाद साहू पर नक्सली संगठन सीपीआई (माओवादी) के सदस्यों के आने-जाने और रुकने आदि का बंदोबस्त करने का आरोप है। इसके अलावा व्यवसाईयों एवं माओवादियों के बीच मध्यस्थता कायम रखने में भूमिका निभाने का भी उसपर आरोप है। मामले को लेकर चुटिया थाना में कांड संख्या 180/2017 दर्ज की गई थी। एनआईए ने 30 अक्टूबर, 2017 को इस मामले को अपने हाथों में लिया था। वर्ष 2017 से प्रभु प्रसाद साहू जेल में है।

# पूर्व सांसद सालखन मुर्मू सहित पांच पर कोर्ट ने किया आरोप गठित



**रांची**। सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में पूर्व सांसद सालखन मुर्मू सहित पांच आरोपित पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने मंगलवार को आरोप गठित किया है। इनमें थिओ डोर किरो, प्रदीप टोप्पो, रितेश किरो और नील जस्टिन बेक शामिल है। इस मामले में अब सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा चलेगा। मामले में एमपी / एमएलए की विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा ने पूर्व सांसद सालखन मुर्मू सहित पांच आरोपित पर आरोप गठित किया। इस दौरान सभी आरोपित कोर्ट के समक्ष उपस्थित थे। कोर्ट ने इन पर लगे आरोप को पढ़कर सुनाया, जिसे इन्होंने बेबुनियाद बताया और साथ ही इन्होनें मामले में ट्रायल फेस करने की बात कही। इस मामले में 15 जुलाई से गवाही शुरू होगी। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने निर्देश दिया है।


## झारखंड हाई कोर्ट ने पुलिस टार्चर के शिकार ग्रामीण को पांच लाख मुआवजा देने का दिया आदेश

**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने लातेहार के अनिल कुमार सिंह को नक्सली के संदेह में गारू थाने के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा घर से उठाकर उसे थाना में टॉर्चर करने के मामले की सीआईडी जांच को लेकर दाखिल क्रिमिनल रिट पर मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने अनिल कुमार सिंह को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। साथ ही मुआवजा की राशि दोषी अधिकारी से वसूलने का निर्देश दिया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि इस मामले में दोषी के खिलाफ क्यों नहीं उचित कार्रवाई की गई।

# रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता, नशे के 8 सौदागर गिरफ्तार

**रांची।**





रांची पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रांची पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो महिला सहित आठ नशा कारोबारियों को गिरतार किया है। साथ ही भारी मात्रा में नशा का समान बरामद किया है।

विधानसभा थाना क्षेत्र से कुल 900 पुडिया ब्राउन शुगर, अरगोडा थाना क्षेत्र में 100 पुडिया ब्राउन शुगर (कुल 1000 पुडिया) बरामद किया है। साथ ही ईटकी थाना क्षेत्र से 1500 बोतल नशे के काम में आने वाला कफ सिरप जप्त किया है। एक साथ 1000 पुडिया ब्राउन शुगर पहली बार रांची में जब्त किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि विधानसभा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नयासराय कल्लु मैदान के पास शिशुपाल लोहरा पूर्व उसके परिवार के जरिये ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जाती है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो महिला एवं एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच के दौरान घर के उपर वाले कमरे में रखे पुराने कुलर में एक काला प्लास्टिक में लपेट कर छुपाकर रखा कागज के छोटे-छोटे 900 पुडिया बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि दूसरा मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र का है। गुप्त सूचना के आधार पर कठरु बोखाबाड़ी बगीचा टोली के समाने अवैध रूप से ब्राउन शुगर, अन्य नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्वाई करते हुए बगीचा टोली के पास छापेमारी में दो ब्राउन शुगर कारोबारियों को पकड़ा। इनके पास से 100 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि तीसरा मामला ईटकी थाना क्षेत्र का है। गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने 1500 बोतल नशे के रूप में उपयोग में आने वाले ओरनेस कफ सिरप जप्त किया है। मामले में तीन लोगों को गिरतार किया गया है। तीनों नशे के कारोबार से जुड़े है।

# होटवार जेल में हेमंत से मिले कल्पना सोरेन और गुलाम अहमद मीर

**रांची।**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार जेल में कल्पना सोरेन और कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुलाकात की. दोनों मंगलवार की सुबह पूर्व सीएम से मिलने पहुंचे थे. हालांकि दोनों की हेमंत सोरेन से क्या बातचीत हुई, इसका पता नहीं चल पाया है. बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए कल्पना और गुलाम ने हेमंत सोरेन से जेल में मुलाकात की. इससे पहले इसी महीने सीएम चंपाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी. लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड में सभी पार्टियां विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं. भाजपा ने तो केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को सह चुनाव प्रभारी बनाकर रणनीति की कमान तक सौंप दी है. इधर, इंडिया गठबंधन भी सक्रिय हो गया है. आज कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर अचानक पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने दिल्ली से रांची एयरपोर्ट पहुंचे और सीधे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा चले गये. इस मुलाकात को बिल्कुल सिक्रेट रखा गया था. क्योंकि मुकालात के बाद गुलाम अहमद मीर अगली फ्लाइट से सीधे वापस दिल्ली लौट गये. इससे साफ है कि वह विशेष रूप से सिर्फ हेमंत सोरेन से मिलने आए थे. इस मुलाकात को बेहद खास बताया जा रहा है. इसकी वजह भी है. दरअसल, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष समेत तमाम बड़े पदाधिकारी दिल्ली में हैं. वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक भी हुई थी. इसी बीच कांग्रेस प्रभारी का रांची आकर हेमंत से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं.

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से खाली 11वें मंत्री पद को भरने के लिए भी चर्चा हुई है. नाम भी तय हो चुका है. हालांकि दिल्ली लौटते वक्त गुलाम अहमद मीर ने सिर्फ इतना कहा कि बहुत जल्द मंत्री के नाम की घोषणा होगी. इस मुलाकात के दौरान सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हुई है. सूत्रों के मुताबिक इस बात पर भी चर्चा हुई है कि आगामी विस चुनाव में इंडिया गठबंधन किन मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगा. गौर करने वाली बात यह है कि 2019 के चुनाव के वक्त महागठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद शामिल थे. लेकिन इस बार भाकपा माले को भीजगह दिया जाना है

# जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को ईडी ने कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल



**रांची**। ईडी ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद मंगलवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया। इसके बाद अदालत ने उसे 27 जून तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल )भेज दिया। इससे पूर्व शेखर को ईडी अदालत से तीन बार रिमांड पर ले चुकी है। दो बार तीन -तीन दिन और एक बार चार दिन कुल 10 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को 12 जून को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर सरकारी कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 का फर्जी डीड बनाया था। बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के साथ मिलकर उसने बरियातू की 4.83 एकड़ की जमीन के रैयत जितुआ भोक्ता का नाम बदल कर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम की इंट्री कर गैरमजरूआ जमीन को समान्य खाते की जमीन में बदल दिया था।

# झारखंड हाई कोर्ट ने भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन को अमान्य ठहराया




**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने नौकरानी सुनीता खाखा के साथ क्रूरता मामले में निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन की मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में दायर क्रिमिनल रिवीजन को अमान्य कर दिया। साथ ही मामले को अपील में तब्दील करते हुए सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा कि एसटी-एससी अधिनियम की धारा 14ए के तहत इस मामले में अपील दाखिल की जानी चाहिए थी। बीते सोमवार को मामले में मेंटिबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गई थी, जिस पर मंगलवार को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान इस बात पर बहस की गई थी कि यह मामला क्रिमिनल रिविजन का है या अपील का। सूचक विवेक बास्की की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पैरवी की। मामले को लेकर सीमा पात्रा के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। रांची की निचली अदालत ने सीमा पात्रा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी। प्राथमिकी में नौकरानी सुनीता ने कहा था कि सीमा पात्रा ने उसे कई दिनों तक भूखे-प्यासे कमरे में बंद रखा था। लोहे की रॉड से मारकर उसके दांत तोड़ दिये थे। इतने से भी उनका जी नहीं भरा तो उन्होंने गर्म तवे से शरीर के कई हिस्सों में दागा, जिसके निशान अभी भी हैं। सुनीता पर हो रहे जुल्म की जानकारी किसी तरह कार्मिक विभाग के अफसर विवेक बास्की को मिली थी। इसके बाद उन्होंने डीसी राहुल कुमार सिन्हा के पास शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सुनीता को मुक्त कराया था।

# विधानसभा की विशेष समिति ने पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़कों का किया निरीक्षण



**रांची**। झारखंड विधानसभा के विशेष समिति के संयोजक विधायक मथुरा महतो के साथ विधायक रामचन्द्र सिंह तथा सीपी सिंह ने मंगलवार को रांची शहर अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़कों का निरीक्षण किया। समिति ने रातू रोड के इंद्रपुरी मुख्य पथ, लालपुर के लोअर वर्धमान कंपाउंड एवं चुटिया के हटिया तालाब मुहल्ले एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में पानी का पाइप लाइन बिछाने एवं सिवरेज ड्रेनेज के लिए खोदी गई सड़कों के बाद किए जा रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जुडको, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा रांची नगर निगम के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रांची शहर के लगभग सभी सड़कों को संबंधित कंपनियों द्वारा आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में सभी संबंधित अधिकारियों को सड़क को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। विशेष समिति की शिकायतों और नाराजगी को देख अधिकारियों ने सड़क को ठीक करने के लिए समिति के सदस्यों से कुछ दिनों के समय की मांग की। झारखण्ड विधानसभा में सीपी सिंह इस शिकायत को ला चुके थे कि पाइपलाइन बिछाने और दूसरे कामों के लिए सड़कों को खोद दिया जाता है। लंबे समय तक उसकी मरम्मत नहीं की जाती और आम लोग परेशान रहते हैं। इसके बाद विधानसभा में एक विशेष समिति बनाकर इस मामले की जांच के लिए कहा गया था।

## बलात्कार पीड़िता को न्याय के लिए आक्रोश मार्च




**रांची (मेसरा)**। बीआईटी मेसरा में हुए नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए निर्मल महतो चौक से लेकर मेसरा चौक तक भाजपा नेता संदीप कुमार रवि के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल महिलाओ ने कहा कि इस सरकार में कोई भी बेटी बहन खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है, कभी भी किसी के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। भाजपा नेता संदीप कुमार ने कहा कि ऐसी घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है साथ ही सबसे दुःख की बात ये है कि घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है, न ही राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा अभी तक कोई बयान नहीं आया है। श्री कुमार ने कहा कि अगर दोषियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, सुधाकर चौबे, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष शिवलाल महतो, समाजसेवी राहुल वाल्मीकि, प्रीति देवी, नीरज महतो चंद्र शेखर कुमार समेत कई लोग शामिल थे

# झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर मिशन मोड में प्रदेश भाजपा

## भाजपा बिना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए चुनाव लड़ने की तैयारी में




**रांची**। लोकसभा चुनाव में मिले झटके के बाद भाजपा अब आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह मिशन मोड में है। भाजपा ने प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों को तेजी से बढ़ाया है ताकि वह चुनावी मैदान में मजबूत प्रतिस्पर्धा कर सके। हालांकि, लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रदेश भाजपा में अंदरूनी कलह बढ़ी है। इसका प्रभाव झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में न पड़े और झारखंड में भाजपा की सरकार बने इसके लिए पार्टी खास रणनीति पर काम कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व ने हर हाल में झारखंड में सत्ता में वापसी का टास्क प्रदेश भाजपा को दिया। इसकी झलक भाजपा के कार्यक्रम के रोड मैप में दिख रहा है। झारखंड में चुनाव प्रभारी बनने के बाद पहली बार झारखंड दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिश्वा सरमा ने जिस तरह से बैठक की है उससे साफ लग रहा है कि भाजपा विधानसभा चुनाव को लेकर कितनी चिंतित है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था और मुख्यमंत्री का चेहरा भी प्रोजेक्ट किया था लेकिन जनता ने इसे ठुकरा दिया। हालत यह बनी कि खुद मुख्यमंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र से हार गए। पिछले चुनाव में भाजपा 65 पार का नारा के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन फेल हो गई और महज 25 सीटों पर सिमट गई थी। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी ने देशभर में 400 पार के साथ झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था। इसमें भी भाजपा को झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में झटका लगा है। हालांकि, भाजपा नेताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड के करीब 50 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रहना शुभ संकेत है और इसी बल पर सत्ता परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है। इन सब चुनावी अनुभवों के आधार पर भाजपा ने फिलहाल मुख्यमंत्री का चेहरा की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है ताकि पार्टी के अंदर अंदरूनी कलह को हवा देने से रोका जाए। नाम न छपने की शर्त पर भाजपा के एक नेता का कहना है कि बाबूलाल के नेतृत्व में जब चुनाव लड़ने की घोषणा हुई है तो निश्चित रूप से मुख्यमंत्री का चेहरा भी बाबूलाल को रखने का पार्टी जरूर सोचेगी। इसके अलावा इस बार सीटों के लक्ष्य को सार्वजनिक भी नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

**भाजपा ने बदली रणनीति**- लोकसभा चुनाव में ट्राइबल सीटों पर हार का सामना करने के बाद भाजपा ने रणनीति में बदलाव करना शुरू कर दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की नजर ओबीसी वोटबैंक को साधने पर है। इसके अलावा सवर्ण वोट जो भाजपा की पारंपरिक रही है, वो नाराज न हो इस पर ध्यान दिया जा रहा है। यही वजह है कि ओबीसी का बड़ा चेहरा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री जो सवर्ण हैं हिमंता बिश्वा सरमा को झारखंड की जिम्मेदारी दी गई है। इस साल के अंत में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को जीतना शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिश्व सरमा के लिए कठिन चुनौती है। वर्तमान राजनीतिक हालात और लोकसभा चुनाव परिणाम स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भाजपा का न केवल ट्राइबल वोट बैंक में कमी आई है, बल्कि सामान्य सीटों पर भी जनाधार में कमी आई है। वर्ष 2019 की तुलना में 2024 की परिस्थिति और भी खराब है। इसके पीछे कई वजह हैं। संगठन के अंदर अंदरूनी कलह जो टॉप-टू-बॉटम तक देखी जा रही है। इसे दूर करना दोनों नेताओं के लिए बड़ी चुनौती है।

**झारखंड सरकार पूरे कर रही चुनावी वादे**- वर्ष 2019 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जो प्रमुख वादे किए थे, उनमें कुछ तो हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते ही पूरे हो गए थे लेकिन बचे काम मुख्यमंत्री बनने के बाद चम्पाई सोरेन पूरे करने में लगे हुए हैं। राज्य सरकार ने झारखंड में सबसे बड़ा काम यह किया कि सरकारी कर्मचारियों की बंद हो चुकी पेंशन स्कीम शुरू कर दी।

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची के द्वारा रांची के रातू थाना में पद स्थापित सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35000/-घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया



● दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन समारोह 26 ,06, 2024 को सुबह 8 :00 बजे नवीन पुलिस केंद्र रांची में किया जाएगा जो तीन दिनों तक चलेगा जिसका समापन 28, 06, 2024 किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि श्री अनूप बिरथरे, पुलिस उप–महानिरीक्षक, द0छो0 क्षेत्र, रांची, उपस्थित रहेंगे, तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, रांची, नगर पुलिस अधीक्षक, रांची, यातायात पुलिस अधीक्षक, रांची, सभी पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, एवम सभी पांचों जिला के पुलिस अधीक्षक, भी उपस्थित रहेंगे ।जिसमे रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खुंटी, जिला खलाड़ी के द्वारा खेल में प्रतियोगिता चलेगा ।



सुविचार

**जमाने की नजर में थोड़ा सा अकड़ कर चलना सीख लो, मोम जैसा दिल लेकर फिरोगे तो लोग जलाते ही रहेंगे।**

# प्रसिद्धि का खतरनाक चस्का

सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने का चस्का लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। हाल में एक के बाद एक जो वीडियो सामने आए, उन्हें देखकर हैरत होती है। कई लोग अपनी और दूसरों की जान को सिर्फ इसलिए जोखिम में डाल देते हैं, ताकि उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाए, दुनिया उन्हें जाने, उनके बारे में बातें करे! इस किस्म के वीडियो बनाते हुए कुछ लोग जान तक गंवा चुके हैं, लेकिन प्रसिद्धि पाने का मोह ऐसा छाया हुआ है कि उल्टी-सीधी हरकतें बंद होने का नाम नहीं ले रहीं। क्या यह क्षणिक प्रचार जीवन से बढ़कर है? अगर खतरनाक कारनामा करते वक्त चोट नहीं लगी और वीडियो वायरल हो भी गया तो उससे क्या हासिल हो जाएगा? ऐसा तो नहीं है कि खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डालकर वीडियो बनाने से कोई व्यक्ति इतिहास में 'अमर' हो जाएगा! सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की ऐसी सनक पुणे में उन तीन युवाओं को बहुत महंगी पड़ सकती थी, जिनका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वीडियो में दिखाई दे रही लड़की अपने साथी का हाथ पकड़कर ऊंची इमारत से लटकी हुई थी। ऐसा काम करना कोई बहादुरी तो नहीं है। अगर ज़रा-सी भी चूक हो जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। उसके बाद हर कोई सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराता। प्राय: ऐसे युवाओं पर उन फिल्मों का ज्यादा असर होता है, जिनमें कोई हीरो खतरनाक स्टंट करते हुए ऊंची-ऊंची इमारतों से छलांग लगाता है, आग की लपटों से घिर कर भी सुरक्षित निकल आता है, उड़ते हवाईजहाज को छलांग लगाकर पकड़ लेता है, एक ही वार से मजबूत दीवार को तोड़ देता है ... उसके बाद दो-तीन दर्जन गुंडों की पिटाई भी कर देता है!

युवाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि फिल्मों में ऐसे बड़े-बड़े कारनामों को अंजाम देने वाले 'हीरो' के साथ हुईं ये तमाम घटनाएं आधुनिक तकनीक का 'चमत्कार' हैं। जहां कहीं जोखिम होता है, वहां उसकी सुरक्षा के लिए पूरी टीम मौजूद होती है। पर्दे पर जैसा दिखता है, हकीकत में वैसा नहीं होता है। हीरो फिल्म में उड़ते विमान या हेलीकॉप्टर को एक ही छलांग में इसलिए पकड़ लेता है, क्योंकि यह कहानी का हिस्सा होता है। अगर फिल्म निर्माता ऐसे किसी दृश्य की अनुमति न दे तो 'हीरो' कितनी ही छलांग लगा ले, वह उड़ते विमान को पकड़ना तो दूर, अपने घर की छत पर बैठे कौए को भी नहीं पकड़ सकता। कई लोग वीडियो बनाते हुए उसमें इस तरह खो जाते हैं कि उन्हें पता ही नहीं चलता कि कितनी बड़ी मुसीबत में फंसने जा रहे हैं! हालांकि एक सामान्य व्यक्ति भी विवेकपूर्ण ढंग से विचार करे तो यह बता सकता है कि ऐसा करने का मतलब है- मौत को दावत देना। गुजरात के कच्छ में कुछ युवाओं का एक समूह अपनी कार को 'समुद्र के अंदर' इसलिए ले गया, क्योंकि सबको वीडियो बनाकर अपने सोशल मीडिया पर 'वाहवाही' हासिल करनी थी। वे लोग समुद्र की लहरों में ऐसे फंसे कि स्थानीय लोग उन्हें बाहर निकालकर लाए। अगर उन्हें समय पर मदद न मिलती और समुद्र की लहरें यूं ही थपेड़े बरसा रही होतीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसी तरह एक महिला इंस्टाग्राम के लिए नृत्य का वीडियो बना रही थी, जिसकी गोद में उसका बच्चा था। इसी दौरान बच्चा नीचे गिर गया, उसके सिर में चोट लगी, लेकिन महिला हंसते हुए वीडियो बनाती रही! 'आत्मप्रचार' की यह लालसा कहां लेकर जा रही है? पर्यटन, खेल, बहादुरी, नृत्य, संगीत आदि विषयों पर वीडियो बनाना गलत नहीं है, लेकिन इसके साथ विवेक से काम लेना जरूरी है। खुद की या दूसरों की जान जोखिम में डालना अक्लमंदी नहीं है। सोशल मीडिया पर कुछ सेकंड के ऐसे वीडियो, जिसमें खुद की या दूसरों की जान को जोखिम में डाला गया हो, को वायरल करने से अपना नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज नहीं हो जाता। अगर कोई युवा खुद को इतना बहादुर मानता है कि उसे समुद्र की शक्तिशाली लहरों से लेकर इमारतों की बुलंदियों तक ... कोई नहीं डरा सकता, तो उसे अपनी प्रतिभा सेना में भर्ती होकर सरहद पर दिखानी चाहिए। वहां बहादुरी का एक भी कारनामा कर दिखाया तो इतिहास में नाम अमर हो जाएगा। सिर्फ वीडियो वायरल करने के लिए इतना बड़ा जोखिम लेना अस्पताल, जेल या वहां पहुंचा सकता है, जहां से लौटकर कोई नहीं आता।

## ट्वीटर टॉक



25 जून, 1975 में तत्कालीन सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल की घोषणा की थी, जो भारतीय इतिहास का सबसे काला दिन था। देश की संसद को निष्क्रय बना कर उच्चतम न्यायालय को मूकदर्शक की हैसियत में तब्दील कर दिया गया ।

**-वसुंधरा राजे**



टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में आस्ट्रेलिया पर 24 रन की शानदार जीत दर्ज करके सेमिफाइनल में जगह सुनिश्चित करने पर भारतीय क्रिकेट टीम एवं सभी क्रिकेट प्रेमियों को हार्दिक बधाई! 'विजय अभियान' निरंतरता जारी रहे, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।

**-दीया कुमारी**



'ज्ञान-शील-एकता' के मंत्र के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करने वाले 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' (राजस्थान) के प्रतिनिधि मंडल से आत्मीय भेंट की तथा उनके साथ 'युवा सशक्तिकरण व छात्र कल्याण' से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

**-भजनलाल शर्मा**

प्रेरक प्रसंग

## शब्दों का सदुपयोग



एक बार मदर टेरेसा अनाथ और वंचितों के लिए धनसंग्रह हेतु एक कस्बे के लिए बस यात्रा कर रही थीं। उनका सादा वेश और उनके सरल तौर-तरीके पर कुछ फैशनेबल यात्रीगण उनको हेय समझ बैठे। मगर, मदर ने उनको जवाब नहीं दिया। कुछ देर बाद एक बस स्टॉप आया। वहां से दो जाने-माने कारोबारी बस में आये और मदर टेरेसा का सम्मान किया। वे चाहते थे कि मदर आराम से उनके वाहन में बैठकर आगे जायें। मगर मदर टेरेसा ने उनको धन्यवाद कर उस बस से ही आगे की यात्रा जारी रखी। अब उनको हेय समझने वाले इतने शर्मिंदा हुए कि मदर के समीप जाकर उन से माफी मांगते हुए बोले, 'आपने हमारे कटु शब्द का जवाब तक न दिया।' मदर उनको आशीर्वाद देती हुई बोली, 'मैं अपनी ऊर्जा और शब्दों का सदुपयोग करती हूं, दुरुपयोग कभी नहीं।' सचमुच, मदर टेरेसा आखिरी सांस तक विनम्र थीं।

सामयिक

# युवाओं की सृजनशीलता को मिटा रहे मादक पदार्थ

**योगेश कुमार गोयल**



मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। भारत में मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिये लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। रईसजादे युवक-युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रायः पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी-कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदमस्त लड़के-लड़कियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है, जिससे पता चलता रहा है कि देश का आज कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां धनाढ़य बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं। कोकीन हो या अन्य ऐसे ही मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ये तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर को भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं।

युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि बहुत से कॉलेजों के अंदर ही आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल-कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं। मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं।

देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है तथा देश के सामाजिक और आर्थिक ढ़ांचे को पंगु बना रहा है। एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाए तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है।

अधिकांश लोगों में गलत धारणाएं विद्यमान हैं कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच-विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यही है कि नशे के शिकार लोगों की सोच-विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है तथा उनके कार्यों में भी कोई तालमेल नहीं रहता। इनके सेवन से कुछ समय के लिए संकोच की भावना जरूर मिट जाती है लेकिन अंततः इससे शरीर की सामान्य कार्यक्षमता में गिरावट आती है। दरअसल नशीली दवाएं या नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक पदार्थ हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं।

वर्ष 1993 में प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने बताया है कि कोई भी रसायन, जो किसी व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है और जब इन मादक पदार्थों का उपयोग किसी बीमारी के इलाज या बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवा के तौर पर किया जाए तो यह मादक पदार्थों का सही उपयोग कहलाता है लेकिन जब इनका उपयोग दवा के रूप में न होकर इस प्रकार किया जाए कि इनसे व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचे तो इसे नशीली दवाओं का दुरूपयोग कहा जाता है। मादक पदार्थों के सेवन का आदी हो जाने पर व्यक्ति में प्रायः कुछ लक्षण प्रकट होते हैं, जिनमें खेलकूद और रोजमर्रा के कार्यों में दिलचस्पी न रहना, भूख कम लगना, वजन कम हो जाना, शरीर में कंपकंपी छूटना, आंखें लाल, सूजी हुई रहना, दिखाई कम देना, चक्कर आना, उल्टी आना, अत्यधिक पसीना आना, शरीर में दर्द, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, आलस्य, निराशा, गहरी चिन्ता इत्यादि प्रमुख हैं। सुई के जरिये मादक पदार्थ लेने वालों को एड्स का खतरा भी रहता है।

देशभर में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल-फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत से मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती रही है और अवसर मिलते ही ये मादक पदार्थ तस्करी के जरिये पश्चिमी देशों में पहुंचा दिए जाते हैं। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए सबसे अच्छा रास्ता बन गया है।

हालांकि नशे के अवैध व्यापार पर लगाम कसने के लिए हमारे यहां अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े कानून हैं, फिर भी अपराधी अक्सर कानून की कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं और यही कारण है कि मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भारत में निरंतर फल-फूल रहा है। आज युवा पीढ़ी जिस कदर मादक पदार्थों की शिकंजे में फंस रही है, उसके मद्देनजर समाज का कर्त्तव्य है कि वह युवा वर्ग का मार्गदर्शन करते हुए उसे उचित मार्ग दिखलाए और गलत मार्ग पर चलने से रोके। ऐसे कार्यों को केवल सरकार के ही भरोसे छोड़ देना उचित नहीं बल्कि समाज को भी इस दिशा में ठोस पहल करनी होगी।

नजरिया

# सावधान! बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



आज के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करूणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नज़र नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फ़ैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाख़ोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी ग़लती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थों के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है।

बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों को मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की ख़बरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है।

हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम सबूत स्पष्ट हैं: रोकथाम में निवेश करें यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं।

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है। एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है। एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है।

घरेलू अल्कोहल पेय उद्योग में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड 2023 की वार्षिक रिपोर्ट अनुसार, दुनिया के 397 अफीम उपयोगकर्ता दक्षिण एशिया में रहते हैं। वैश्विक स्तर पर हेरोइन बाजार 430-450 टन के वार्षिक प्रवाह को दर्शाते हैं। भारतीय सेना द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जम्मू कश्मीर में लगभग 407 युवा किसी न किसी रूप में नशे की लत से पीड़ित हैं, जो 2008 में 57 से कम था। भारत में पिछले एक दशक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और शराब की लत के कारण आत्महत्या करने वालों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। विश्व ड्रग रिपोर्ट 2023 अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2021 में 296 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीली दवाओं का उपयोग किया, जो पिछले दशक की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 39.5 मिलियन हो गई है, जो 10 वर्षों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है। अफ्रीका में, उपचाराधीन 70 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं।

विश्व स्तर के साथ भारत देश में नशे का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है, नशा इंसान को जिन्दा लाश बना कर रख देता है और बुराइयों, अपराध, नकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। नशे के कारण आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक क्षति होती है। आज के अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, अपने बच्चे अपनी जिम्मेदारी है, अभिभावकों का व्यस्तता का बहाना बच्चों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। बच्चों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, बच्चों को समय देना सीखें, बच्चों के सामने बड़ो का व्यवहार आदर्शात्मक होना चाहिए, बच्चे अपनी दिनचर्या कैसे बिताते है, किससे मिलते हैं, उनकी मित्रमंडली कैसी है, बच्चे बाहर खर्चा कहां करते है, यह सब अभिभावकों को पता होना चाहिए। आधुनिकता विचारों में होनी चाहिए, दिखावे में नहीं, इसलिए बच्चों को दुनियादारी, व्यवहार ज्ञान, अच्छे-बुरे की समझ अभिभावकों द्वारा मिलनी ही चाहिए। आज के समय में संस्कार, सत्य, नीतिमत्ता तेजी से विलुप्त हो रहे है, जो बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी ये बेहद आवश्यक है। नशा छोड़े, जागरूक रहें, बच्चों को देश का उज्वल भविष्य बनने के लिए उन्हें बेहतर और पोषक वातावरण दें। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर संगठन, सरकार, स्वयंसेवी संस्थान नशामुक्ति और मादक पदार्थों के तस्करी के विरुद्ध कार्य करते है। भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय टोल फ्री नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 पर संपर्क कर सकते है।

**वश्व स्तर के साथ भारत देश में नशे का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है, नशा इंसान को जिन्दा लाश बना कर रख देता है और बुराइयों, अपराध, नकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। नशे के कारण आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक क्षति होती है। आज के अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, अपने बच्चे अपनी जिम्मेदारी है, अभिभावकों का व्यस्तता का बहाना बच्चों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।**

न्यूज़ अपडेट

## पिथौड़ागढ़ रॉक क्लाइम्बिग कैंप में एकलव्य विद्यालय की दो एनसीसी कैडेट लेंगी हिस्सा

**दुमका।** उत्तराखण्ड के पिथौरगढ़ में आयोजित एनसीसी की 10 दिवसीय रॉक क्लाईबिंग कैंप के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय काठीजोरिया, दुमका की दो कैडेट का चयन किया गया है। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य ले0 सुमिता सिंह ने बताया कि एनसीसी के पिथौरागढ़ कैंप के लिए 4 झारखण्ड गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा विद्यालय की कैडेट मेरी मुर्मू और अंशु टुडू का चयन किया गया है। दोनों कैडेट्स इस कैंप में भाग लेने के लिए रवाना हो गयी हैं।



इस कैंप में उन्हें आर्टिफिसियल रॉक क्लाइम्बिग, जुमा रिंग, रीवर क्रासिंग, रेपलिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आनेवाली विद्यालय की दोनों गर्ल्स कैडेट को रॉक क्लाइम्बिग सीखने के अलावा अन्य राज्यों से आये कैडेट से इंटरेक्सन का भी मौका मिलेगा। विद्यालय की प्राचार्य करूणा शर्मा ने विद्यालय की दोनों छात्राओं के पिथौरगढ़ एनसीसी कैंप में चयन होने पर खुशी जाहिर करते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी है। दोनों के चयन पर उनके अभिभावक भी काफी खुश और उत्साहित हैं।

## नशा की रोकथाम व मादक पदार्थों के दुरूपयोग को लेकर जनमत का जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**दुमका।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग दुमका की ओर से जनमत शोध संस्थान के कला दल द्वारा नशा की रोकथाम एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग को लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जनमत के कलाकारों द्वारा गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जीवन में नशापान होने वाले शारीरिक, आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई और समाज को नशामुक्त करने के लिए प्रेरित व संकल्पित किया गया।
राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय जन जागरूकता के तहत जनमत शोध संस्थान ने शिकारीपाड़ा और गोपीकांदर प्रखंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।
जनमत कला जत्था के टीम लीडर बालेश्वर राणा के नेतृत्व में कलाकारों ने नशामुक्त जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश देने का कार्य किया कि हम सबका बस एक ही नारा, नशा मुक्त हो जीवन हमारा।

## लेखा लिपिक संघ की बैठक किया गया आयोजित

**देवघर।** झारखंड राज्य लेखा लिपिक संघ जिला शाखा देवघर की बैठक सिंचाई परिसर देवघर में जिला अध्यक्ष प्रियरंजन मिश्र एवं उपाध्यक्ष श्री राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई।
बैठक में पथ निर्माण विभाग,जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण विकास/ग्रामीण कार्य विभाग सहित विभिन्न कार्य विभाग से संबंधित लेखा लिपिक उपस्थित रहे।
बैठक में विभिन्न कार्य विभागों के साथियों ने भाग लिया जिसमें प्रियरंजन मिश्र, राकेश कुमार, निरंजन कुमार सिन्हा , ब्रजेश कुमार झा, कृष्ण कुमार ,राहुल तिवारी ,दिग्विजय राणा, तफसीरूल हसन, भीष्म नारायण, सिंह , मनीष कुमार, संजय कुमार तिवारी ,अरुण कुमार, विनोद कुमार, श्याम नंदन प्रसाद, रौशन कुमार, रामनारायण यादव ,शैलेंद्र कुणाल ,आशुतोष कुमार मिश्र, राजू रंजन मिश्र, रविंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार आदि शामिल रहे। बैठक में पथ निर्माण विभाग,जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास/ग्रामीण कार्य विभाग सहित विभिन्न कार्य विभाग से संबंधित लेखा लिपिक एवं क्षेत्रीय संयोजको ने हिस्सा लिया। बैठक में विधिवत सदस्यता के साथ आगामी 7 जुलाई 2024 को रांची में प्रस्तावित राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गयो बैठक में विभिन्न संगठन बिंदुओं के अलावा
वेतनमान विसंगति, लंबित प्रौन्नति आदि पर सरकार के उपेक्षापूर्ण कारवाई एवं बिना प्रोन्नति के नीति विहीन स्थानांतरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आक्रोश व्यक्त किया गया।

# इंदिरा गाँधी के द्वारा घोषित आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की एक दागदार स्मृतिः प्रदेश मंत्री सरोज सिंह

**दुमका।**

भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकान्त प्रसाद की अध्यक्षता में दिन मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह उपास्थित थे।




मंचासिन पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की, तद्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के द्वारा घोषित आपातकाल लागू कर भारतीय लोकतंत्र के दागदार स्मृति के रूप में आज हमलोग काला दिवस मना रहे हैं।
कांग्रेस शासन काल में कई तरह की अनैतिक कृत्य और भारतीय लोकतंत्र पर कलंकित करने का कार्य किया गया। भारतीय नागरिकों का मौलिक अधिकार छीना गया। उनकी इच्छा की अभिव्यक्ति को कुचला गया और इस तरह की दमनकारी भारत की इंदिरा सरकार कि जुल्म एवं अत्याचार कर सभी विरोधी दल के नेताओं को जेल में डालकर मिसा एक्ट लगाया एवं भारत के चौथा स्तंभ प्रेस मीडिया पर प्रतिबंध लगाकर भारत की संविधानिक अधिकारों से वंचित किया गया।
भारतीय जनता पार्टी इस तरह की त्रासदी झेल कर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है और समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े वंचित और शोषित लोगों तक विकास कार्य कर अपनी पार्टी की सोच को सभी जनमानस में जगह बनाई है।वही पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा भारत में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लगाया गया था, आपातकाल हमारे देश के लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है जिसे चाह कर भी भुलाया नहीं जा सकता। सत्ता के दुरुपयोग, और तानाशाही का जिस तरह खुला खेल उस दौरान खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर बहुत बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।
जिलाध्यक्ष गौरवकान्त ने अपने संबोधन में कहा कि यदि आज इस देश में लोकतंत्र जीवित है तो उसका श्रेय उन लोगो को जाता है जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के संघर्ष किया, जेल गये और न जाने कितनी शारीरिक और मानसिक यातना से उन्हें गुज़रना पड़ा। भारत की आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को याद रखेंगीं। प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्रा ने भी संबोधित किया।
कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश मुर्मू, जिला महामंत्री विवेकानंद राय, दीपक स्वर्णकार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्टू मनोज पांडे, मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल, मार्शल ऋषिराज टुड्डू ,फारूक अनवर, रविंद्र बास्की, गुंजन मरांडी, मुरली मंडल, अनूप सिन्हा, रामनारायण गुप्ता, लालचंद पाल, निरंजन मंडल, राजू दर्वे, नवल किशोर मांझी, सुधीर पाल, हराधन मरीक, दीपांशु कोचगवे, जितेंद्र पांडे, अनूप सिंह, मुरली मंडल, कुस पाल, सुभाष यादव रमेश मुर्मू, चंदन यादव ,मनोज साह दिवाकर यादव गुड्डू सिन्हा आदि मौजूद थे ।

## नशा मुक्ति एवं तम्बाकू निषेद से संबंधित जागरूकता रथ को सिविल सर्जन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता।**

**देवघर।** नशा मुक्ति एवं तम्बाकू निषेद से संबंधित जागरूकता रथ को सिविल सर्जन देवघर डॉक्टर रंजन सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन कार्यालय से रवाना किया गया इस संबंध में डॉक्टर रंजन सिंह सिविल सर्जन देवघर के द्वारा बताया गया कि उपयुक्त देवघर के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान फ़्एरक़्ऴ का आयोजन दिनांक 19 से 26 जून तक किया जा रहा है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग के लोगों को नशा एवं तंबाकू उपयोग के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। ताकि वह इस लत में नहीं आए। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि की स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों, शिक्षा संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ फ्लैग मार्च, पोस्टर डिस्ट्रीब्यूशन आदि के साथ जागरूकता हेतु विभिन्न कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इस संबंध में विद्यालयों में जागरूकता पैदा करने हेतु स्कूल जागरूकता कार्यक्रम करने का भी निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में देवघर जिला के विभिन्न चिन्हित स्कूलों में तंबाकू एवं मादक निषेध से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वही डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी -सह-नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल देवघर के द्वारा बताया गया की मादक पदार्थ एवं तंबाकू के दुष्परिणामों से संबंधित ड्राइंग अथवा निबंध लेखन प्रतियोगिया का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया जाएगा। इस दौरान नीरज भगत जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि कुमार सिंह एफएलसी अभिमन्यु कुमार दांगी जिला परामर्श रविचंद्रन मुर्मू जिला कार्यक्रम सहायक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।




## कोयला चोरों ने सीआईएसएफ की टीम पर किया हमला

● इंस्पेक्टर अंश कुमार गम्भीर रूप से घायल

**देवघर।** चितरा स्थित ईसीएल के खून खदान में चोरी रोकने पहुंची सीआईएसएफ पुलिस टीम पर कोयला माफियाओं ने हमला कर दिया है।इस घटना में सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर अंश कुमार के बुरी तरह घायल हो जानें कि सूचना है।मामला एसपी माइंस चितरा के खून खदान का है।यहां से लगातार कोयला चोरी की शिकायत मिल रही थी वहीं शिकायत के बाद वहां तैनात इंस्पेक्टर अंश कुमार यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे इसी दौरान जैसे ही टीम के सदस्य कोयला चोरों को पकड़ने की कोशिश की तभी अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया।जिसमें इंस्पेक्टर अंश कुमार बुरी तरह घायल हो गए उनके सर पर चोट आई है।वहीं गम्भीर रूप से घायल इंस्पेक्टर को देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि मौके का ×फायदा उठाते हुए अपराधी मौके पर फरार हो गए।बहरहाल सीआईएसएफ की टीम खून खदान की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश में जुट गई है।वहीं सूत्रों की मानें तो यह घटना एसपी माइंस चितरा कोलियरी के खून खदान स्थित कोल डंप में एक ही परिवार के कुछ लोग कोयला चोरी करने घुसे हुए थे जहां घटना को अंजाम दिया गया।



## मदरसा परीक्षामे कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु औचक निरीक्षण किया



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर के निदेशानुसार मधुपुर अनुमंडल से संचालित वार्षिक मदरसा परीक्षा, 2024 कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, मधुपुर आशीष अग्रवाल द्वारा चारों केन्द्रों यथा-एम०एल०जी० उच्च विद्यालय, मधुपुर/अंची देवी बालिका +2 विद्यालय, मधुपुर एवं प्रोजेक्ट न्यू संत जेवियर्स मधुपुर का औचक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित केन्द्र के केन्द्रधीक्षक को निदेश दिया गया कि वे अपने-अपने केन्द्रों के परीक्षार्थियों के लिए बिजली/पानी/शौचालय एवं बेच-डेस्क की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी एवं सुरक्षाबल को निदेश दिया गया कि परीक्षा में अनुचित संसाधनों का प्रयोग न हो, ताकि परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हो सके।

## बारह विद्यार्थी 'दीनेंद्र नारायण राय स्मृति पुरस्कार' से नवाजे जायेंगे

**देवघर।** स्थानीय दीनबंधु उच्च विद्यालय के बारह विद्यार्थियों को आगामी शनिवार, विद्यालय स्थित रवींद्र सभागार में मुख्य अतिथि, अतिरिक्त राज्य सूचना अधिकारी, झारखंड सरकार अजय बल्लभ राय, विशिष्ट अतिथि, देवघर महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर प्रो. ललित कुमार देव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. निमाई चन्द्र गाँधी, सचिव डॉ. धर्म पद बल, विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार के करकमलों से दीनेंद्र नारायण राय स्मृति पुरस्कार की मानद उपाधि से अलंकृत की जायेगी। यह कार्यक्रम डी. एन. राय मेमोरियल ट्रस्ट, कोलकाता के बैनर तले विगत कई वर्षों से माध्यमिक परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अलंकरण हेतु होता आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिक राज, मुस्कान कुमारी हाँसदा, देवाशीष कुमार, शिल्पी कुमारी, मुस्कान कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, दुर्गा कुमारी, मधु कुमारी, विवेक कुमार, निक्की कुमारी एवं माही कुमारी को यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा जिन्होंने प्रथम से दशम स्थान प्राप्त किया है। अनिक राज ने 423, मुस्कान कुमारी हाँसदा ने, 421 एवं देवाशीष ने 402 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षावृन्द् तन मन से जुटे हुए हैं।




## मतदाता सूची पुनरीक्षण 2024 के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों के बैठक का आयोजन किया गया

**मधुपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर के निर्देशानुसार आज अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों के बैठक का आयोजन किया गया।




उन्होंने जानकारी दी कि आयोग के निर्देश पर 01 जुलाई , 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आगे बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि 25 जून से द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य सर्वेक्षण किया जाना है। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को चिन्हित करने के अलावा जो मतदान केंद्र जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन करने से जुड़ी जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया।

# नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए इंटरव्यू की तिथि निर्धारित

**दुमका।**

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका ने आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची और विषयवार साक्षात्कार की तिथि विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 5 से 24 जुलाई तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन-1 में होगा।
विदित हो विश्वविद्यालय ने कुल 273 आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए 5 मार्च को विज्ञापन प्रकाशित किया था। उक्त विज्ञापन के तहत चांसलर पोर्टल के माध्यम से 6 से 20 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अंतिम तिथि तक विभिन्न विषयों में कुल 2, 977 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है।
भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक नोडल कमेटी तथा तीन आवेदन जांच समितियों का गठन किया गया था। उक्त समितियों ने सभी आवेदनों की जांच की तथा उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आवेदकों के शैक्षणिक अंक निर्धारित कर आपत्तियां दर्ज कराने के लिए कुछ दिन पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया था। आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद, विश्वविद्यालय ने कुल रिक्तियों की तुलना में 5 गुना आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया था और उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के लिए विश्वविद्यालय बुलाया था और अब विश्वविद्यालय ने उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, रांची द्वारा अधिसूचित यूजीसी विनियम 2018 के अनुसार दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित आवेदकों की संख्या से तीन गुना आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है।
विश्वविद्यालय ने 17 विषयों में कुल 518 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है, जिसमें बांग्ला में 6, भूगोल में 12, संस्कृत में 2, उर्दू में 2, वनस्पति विज्ञान में 17, रसायन शास्त्र में 19, गणित में 35, समाजशास्त्र में 33, इतिहास में 51, अर्थशास्त्र में 33, प्राणि विज्ञान में 6, भौतिकी में 44, मनोविज्ञान में 19, संथाली में 13, अंग्रेजी में 58, वाणिज्य में 79 और हिंदी में 89 अभ्यर्थी शामिल हैं।
साक्षात्कार कार्यक्रम व अन्य जानकारी के संबंध में सोमवार को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना अपलोड कर दी गई है। उक्त अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को सुबह 9 बजे साक्षात्कार स्थल पर सभी मूल दस्तावेज व आधार कार्ड के साथ पहुंचें।



### विषयवार इंटरव्यू कार्यक्रमः

- बंगाली, जियोग्राफी, संस्कृत और उर्दू– 5 जुलाई
- बॉटनी और केमिस्ट्री– 8 जुलाई
- गणित– 9 जुलाई
- सोशियोलॉजी– 10 जुलाई
- इतिहास– 11 और 12 जुलाई
- इकोनॉमिक्स और जूलॉजी– 13 जुलाई
- फिजिक्स– 15 जुलाई
- साइकोलॉजी और संथाली– 16 जुलाई
- अंग्रेजी– 18 और 19 जुलाई
- कॉमर्स– 20 और 21 जुलाई
- हिंदी– 22, 23 और 24 जुलाई

## विश्वविद्यालय ने छह नवनिर्मित डिग्री व महिला कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्य व बर्सर की नियुक्ति के माँगा आवेदन

सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 6 डिग्री व महिला कॉलेजों में जल्द ही पढ़ाई शुरू हो जाएगी। उक्त कॉलेजों में डिग्री कॉलेज जरमुंडी, डिग्री कॉलेज शिकारीपाड़ा, डिग्री कॉलेज महेशपुर, डिग्री कॉलेज महागामा, महिला कॉलेज सारठ व महिला कॉलेज मधुपुर शामिल हैं।
विश्वविद्यालय प्रशासन ने उक्त कॉलेजों को जल्द से जल्द शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। उक्त कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्य व बर्सर की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर विभाग व विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों में कार्यरत नियमित शिक्षकों से आवेदन मांगा है। इस संबंध में मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एसएन अधिकारी द्वारा सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों व विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्यों को पत्र लिखा गया है। उक्त पत्र के अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित शिक्षक उक्त 6 महाविद्यालयों में प्रभारी प्राचार्य एवं बर्सर पद हेतु अपना आवेदन बायोडाटा के साथ 29 जून तक कुलसचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## भोगनाडीह जाने वाले पद यात्रियों का किया जायेगा स्वागत

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की ओर से भोगनाडीह जाने वाले पद यात्रियों का विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर किया जाएगा स्वागत। मालूम हो, भोगनाडीह साहिबगंज जिले में स्थित एक गांव है। यह गांव संथाल विद्रोह के प्रमुख नेताओं सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चांद मुर्मू, भैरव मुर्मू, फूलो मुर्मू और झानो मुर्मू की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। वर्ष 2005 से गोटा भारत सिदो कान्हू हुल बैसी के बैनर तले 26 जून को दुमका के सिदो कान्हू चौक से भोगनाडीह तक पदयात्रा का आयोजन किया जाता है।
सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय वर्षों से उक्त जत्थे का स्वागत करता आ रहा है, अब इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने इनके स्वागत की पूरी तैयारी कर ली है। पद यात्रियों के स्वागत के लिए विश्वविद्यालय ने खेल निदेशक डॉ सुजीत सोरेन की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जिसमें विश्वविद्यालय की सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम को उपाध्यक्ष बनाया गया है जबकि डॉ सुमित्रा हेम्ब्रम, डॉ शर्मिला सोरेन, डॉ सुशील टुडू, डॉ स्नेहलता मुर्मू, अमिता कुमारी, डॉ बिनोद मुर्मू, नीरज बास्की, डॉ होलिका मरांडी, सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं संथाल अकादमी के सभी सदस्यों को शामिल किया गया है। उक्त कमेटी को भोगनाडीह जाने वाले पद यात्रियों के स्वागत की जिम्मेदारी दी गई है।

# बोधिबागी तेतरिया से सिमरबाबा पथ के निर्माण कार्य का लोगो ने किया विरोध

## पथ निर्माण कार्य में मनमानी नहीं करने देंगे संवेदक गुणवता पूर्ण काम करे : ओम प्रकाश मेहता

**इचाक संवाददाता।**

इचाक प्रखंड अंतर्गत बोधीबागी तेतरिया से सिमरबाबा तक के पथ निर्माण का कार्य हो रहा है। जब ग्रामीणों को जानकारी हुई की पथ निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री उपयोग किया जा रहा है पता चलने के तुरंत बाद भाजपा युवा नेता सह मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता के नेतृत्व में मुंशी मेहता वार्ड सदस्य विकाश कुमार अशोक मेहता महेश मेहता बिट्टू कुमार प्रेम मेहता लालजी मेहता हृदय मेहता समेत कई लोग पहुंचकर पथ निर्माण कार्य को देखा तो सचमुच में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा था जे एस बी में मेटल का मात्रा कम डाला जा रहा था जो डस्ट डाला जा रहा है उसमे काफी मिट्टी का अंश है मेटल जो उपयोग किया जा रहा है वह सफेद मरा हुआ पत्थर का मात्रा अधिक है उपस्थित लोगों ने कार्य का विरोध किया। पथ निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग होते देख सर्वप्रथम काम को बंद करा ते हुए कार्य करा रहे संवेदक और विभागीय इंजीनियर से युवा नेता ओम प्रकाश मेहता ने दूरभाष पर बात करते हुए कहा की पथ निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग नहीं करे इसमें अविलंब सुधार करें मेटल का मात्रा बढ़ाते हुए डस्ट और मेटल की क्वालिटी में सुधार करें अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो यहां की जनता विरोध में आंदोलन करने पर विवश हो जायेगी। आगे श्री मेहता ने कहा पथ निर्माण कार्य में गुण वता के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।



न्यूज़ अपडेट

### विष्णुगढ़ प्रखंड के भलुआ निवासी मंगर महतो की वज्रपात से हुई मौत



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के भलुआ में मंगलवार को दोपहर साढ़े बारह बजे 53 वर्षीय भलुआ निवासी मंगर महतो पिता स्व० जानकी महतो की वज्रपात से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बकसपुरा पंचायत मुखिया नन्हकू महतो ने बताया कि मंगर महतो घर के बगल अपने बाड़ी (खेत) में कृषि का कार्य कर रहा था। इसी दरमियान अचानक आकाशीय बिजली करेंट की चपेट में आने से अचेत होकर अपने खेत में गिर पड़ा। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उनके परिजनों ने खोजबीन करने लगे, इसी बीच देखा गया कि बेहोश जमीन पर गिरा हुआ है। उसे आनन-फानन में इलाज हेतु विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच-पड़ताल के पश्चात मृत घोषित कर दिया। वहीं बकसपुरा पंचायत के उपमुखिया हेमंत महतो ने बताया कि मृतक मंगर महतो का एक बेटा, तीन बेटी है, जिसमे छोटी बेटी एक पैर से जो विकलांग है, आगे कहा कि इस हृदयविदारक घटना से उनके घर में मातम पसरा हुआ है सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद विष्णुगढ़ पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

### विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड मुख्यालय में लगाया जनता दरबार, कई आवेदन का हुआ निष्पादन



**बड़कागांव।** बड़कागांव में प्रत्येक मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार लगाई जा रही है। जिसका संचालन बड़का गांव 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम के द्वारा किया गया।

दरबार में अधिकतर समस्याएं जमीन , पेंशन , कंपनियों से संबंधित मुआवजा को लेकर आवेदन आ रहे हैं। 25 जून मंगलवार को हुई जनता दरबार में भारी संख्या में आवेदन जमा हुई। 20 सुत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम ने बताया कि जनता दरबार में लगभग 100 आवेदन जमा हुए,

जिसमें कई का निष्पादन किया गया। बाकी आवेदन की निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया है।

मौके पर जनता दरबार में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ,अंचलाधिकारी बालेश्वर राम , खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, प्रखंड कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, शमशेर आलम, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, दीपक करमाली, के अलावा कोई विशिष्ट लोग उपस्थित थे।

### 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक कई मामले रहे गर्म

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारु प्रखंड में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने किया। जिसमें प्रखंड स्तर के कई विभाग के अधिकारी उपस्थिति हुए। तो कई अनुपस्थित। जिस विभाग का अधिकारी अनुपस्थित थे उन्हे कड़ी फटकार लगाई गई, और उन्हें स्पष्टीकरण दिया गया। वहीं कैलाश पतिदेव और बालेशवर प्रसाद मनरेगा, आंगनबाड़ी, शिक्षा और पेयजल मिशन पर कड़ी प्रश्न किया गया, और गत बैठक में उठाए गए प्रश्न का उत्तर लिखित रूप से नहीं देने पर सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया। सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा 2022-24 वित्तीय वर्ष की प्रगति रिपोर्ट सौपन का आदेश दिया गया। वहीं बार-बार मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध किया गया। जिसमे जेसीबी मशीन से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण, डोभा निर्माण तो अबुआ आवास में भी भ्रष्टाचार पर मुद्दा गर्म रहा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और भी सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने सभी अधिकारियों को संबंधित विभाग का वार्षिक रिपोर्ट सौपन को कहा। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव 20 सूत्री सदस्य बालेशवर प्रसाद, मोहम्मद एनुल, सुनील कुमार उर्फ भोला, कलावती देवी, रामचंद्र महतो,डा.अपरेश कुमार,आशीष कुमार, बीपीओ स्वाति वर्मा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विद्यासागर ,अंचल निरीक्षक रागिनी कुमारी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका अंजनी कुमारी सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



### नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए दिलाई गई शपथ




**निरसा।** ाशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को स्वयं सहायता समूहों की ओर से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेतृत्व सिटी मिशन मैनेजर अरुण बड़ाईक ने की। सर्पप्रथम समूह से जुड़ी महिलाएं व कार्यालय कर्मियों को नशा मुक्ति के प्रति शपथ दिलाई गई। इसके माध्यम से नशा मुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया गया। इसके बाद मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा से दूर रहना व नशा मुक्ति समाज बनाना है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, सिटी मिशन मैनेजर अरूण बड़ाईक, कौशिक मित्रा, सबा प्रवीण, राधा देवी, निवेदिता, बंदना पात्र, सरिता देवी, टुंपा मंडल, टुंपा राखा, सीमा देवी, प्रवीण खातून आदि थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्य हुआ शुरू

### बरही वासियों की परेशानी अब होगी कम

**संवाददाता बरही।**

अनुमंडलीय अस्पताल बरही में पोस्टमार्टम भवन बनकर पिछले कई माह से पड़ा था, मंगलवार को अनुमंडलीय चिकित्सक उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मंगलवार को चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा में हुई सड़क दुर्घटना में दो मौत हुई,दोनों शव का पोस्टमार्टम शुरू कर दिया गया, अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं होने से अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के लोगों को पोस्टमार्टम करने के लिए कम से कम 90 से 100 किलोमीटर की दूरी तय कर हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का चक्कर काटना पड़ता था, खासकर सड़क दुर्घटना असमिक मौत व अन्य कारणो से किसी गरीब परिवार की मौत हो जाए तो वह अपने शवजनों के निधन से परेशान रहते थे, दूसरी ओर शव का पोस्टमार्टम करने उनके लिए किसी चुनौती से काम नहीं था ,डॉक्टर ज्ञानी ने बताया कि स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए कुछ सहयोगी चिकित्सक को प्रशिक्षण दिलाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब पोस्टमार्टम हाउस की शुरुआत संभव है, तब जाकर शुरुआत हो पाई है , बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम शुरू होने से लोगों को अब काफी सहूलियत होगी पोस्टमार्टम कार्य डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, डॉक्टर राम अनुज कुमार, असिस्टेंट नीरज कुमार व सहयोगी सोहन पासवान के सहयोग से संपन्न हुआ, मंगलवार को चौपारण के दनुवा घाटी में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई ,जिसके बाद शवो को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, मृतकों में तिलैया के मनोहर प्रेस गली सोना पट्टी निवासी जसविंदर सिंह पिता हरभजन सिंह समेट एक अन्य शामिल है।



## एक ऐसा स्कूल भी, जहां पांचवी तक होती है पढ़ाई, उपस्थिति मात्र 9






**संवादाता बरही**

**बरही ।** एक तरफ झारखंड सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए निजी स्कूलों के तर्ज पर सरकारी स्कूलों को विकसित कर रही है और सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई पर जोर दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ कई ऐसे स्कूल है जहां प्राथमिक विद्यालय में मात्र एक शिक्षक है। ऐसे में स्कूलों का स्तर क्या होगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। स्कूल में शिक्षक नही रहने के कारण बच्चों की उपस्थिति भी कम रहती है। आज भी बरही प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के कई स्कूलों की स्तिथि बद से बदतर है। हम आपको आज एक ऐसे ही स्कूल के बारे में बताने जा रहे है। जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति बेहद कम होती है। यह विद्यालय पंचमाधव पंचायत के धुरगड़गी में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का है, जहां पहला से लेकर पांचवा तक की कक्षाएं संचालित की जाती है। मंगलवार को विद्यालय में मात्र 9 बच्चे पहुंचे तो जो एक आंगनबाड़ी की छात्र थी। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल में पठन - पाठन की क्या स्थिति होगी। जिस स्कूल में पहला से लेक र पांचवी तक की पढ़ाई होती हो, वहां अगर सिर्फ आठ बच्चे पहुंचे तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। इस संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय शिक्षक चंद्रकांत अकेला ने बताया कि आज ही सिर्फ इतने कम बच्चे आएं है, नही तो प्रत्येक दिन कम से कम 20 बच्चे विद्यालय पहुंचते हैं।

## बरही आरएनवाईएम कॉलेज में नशे के खिलाफ किया जागरूकता कार्यक्रम

**संवाददाता बरही।**

बरही रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के द्वारा (नशे) मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एनएसएस एवं एनसीसी के सयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अरुणा रानी ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर थे। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांशत युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में आकर पतनोन्मुख होती चली रही है। नशीली दवाइयां एवं नशीली मादक पदार्थों की पहुंच बड़े-बड़े महानगरों से होते हुए छोटे शहरों कस्बों के गलियारों से होते हुए गांव तक पहुंच चुकी है। शराब, गांजा, सिगरेट, गुटखा तंबाकू अफीम स्मैक आदि नशीले पदार्थों की खेप बड़े स्तर से लेकर छोटे स्तर तक बड़ी सुगमता से पहुंच रही है। नशे कारण ही चोरी लूट पाट हिंसा में युवाओं की सर्वाधिक संलिप्ता इस बात की घोतक है कि नशे ने इस देश के भविष्य को पल्लवित होने से पहले ही उसके विनाश के द्वार खोल दिए हैं। गंभीरता के साथ इस पर विचार करिए कि जब देश की युआ पीढ़ी नशे के चलते बर्बाद हो जाएगी तब किसी भी तरक्की का स्वप्न सिर्फ और सिर्फ स्वप्न ही रह जाएगा। नशा रोक का एक मात्र उपाय है इसके प्रति लोगों को जागरूकता करना है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय कैडेट कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ अजय कुमार रंजन ने शपथ दिलाया गया। मौके पर डॉ संजय बरनवाल, डॉ कुमारी सुषमा, डॉ गिरधारी यादव, प्रो. हीरामन साव, डॉ नैयर इकबाल, डॉ=अजय प्रताप सिंह, डॉ सरिता सिन्हा, डॉ बद्री साव, डॉ अंजली कुसुम ओम, डॉ संगीता चौधरी , प्रो जोगेश्वर यादव, प्रो संजय बक्शी, प्रो अब्बास, प्रो तमन्ना, प्रो सीमा सिन्हा, निजाम , श्री दिनेश्वर यादव, राजू, गामा कपरदार, दिनेश आदि उपस्थित थे। इसके साथ-साथ छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।




### वज्रपात की चपेट आने से अमनारी में एक भैंसा की मौत

**टाटीझरिया ।** प्रखंड अंतर्गत अमनारी गांव में मंगलवार को हुई वज्रपात से गूंजवा देवी पति दामोदर तुरी की एक भैंसा की मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए गूंजवा देवी ने बताया कि मचान के नीचे भैंसा बंधा हुआ था। इसी दौरान बारिश के बीच ठनका गिरने से भैंसा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वह निर्धन परिवार से है। पति परदेस में मजदूरी करते हैं। भराजो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी सीओ तथा पशु चिकित्सा प्रभारी को दे दी गयी है। पोस्टमार्टम के बाद मुआवजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी



## बरही थाना और आईलेक्स के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन

**संवाददाता बरही**

बरही थाना और आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन कर जा रहा है। आजकल समाज में नशा का चलन का×फी बढ़ गया है। आज के युवा भी शराब, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, पान, खैनी जैसे नशे के गिरफ्त में फँसते हीं जा रहे हैं। इसी के तहत आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा कल एक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान आईलेक्स के सभी ब्रांच,पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकठा, पाण्डेबारा, में एक साथ चलाया जायेगा। इस जागरूकता अभियान की तैयारी में सभी टीचर्स और बच्चे कई दिनों से लगे हुए हैं। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा है कि शिक्षक होने के नाते हमारा यह मौलिक कर्तव्य है कि हम समाज में बढ़ते नशे के लत को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं और इसके लिए पहले लोगों को जागरूक करना अति आवशयक है।







### स्थानीय प्रशासन से की मदद की अपील

**डुमरी।** डुमरी प्रखण्ड के जामतारा बायपास निवासी आजाद सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि उसे पूर्व की भांति अपने परिवार के भरण पोषण हेतु वनांचल चौक के पास फुथपाथ/सरकारी भूमि में ठेला लगाने की अनुमति दी जाये। क्योंकि जहां वह वर्षों से ठेला लगाते रहें हैं, वहां एक दबंग व्यक्ति ने जीएम लैण्ड/सरकारी भूमि का कुछ फीट अतिक्रमण करके आलीशान प्रतिष्ठान बना लिया है और दबंगई पूर्वक उसे ठेला लगाने से मना कर देता है। जबकि उसके परिवार का भरण-पोषण का एकमात्र साधन ठेला में फल बिक्री करना है ।बताया कि वे सभी अधिकारियों के पास फरियाद कर चुके हैं लेकिन कहीं से इंसाफ नहीं मिली है।

## भाजपाइयों ने 25 जून 1975 को हुई आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

**बड़कागांव ।**

25 जून 1975 को कांग्रेस कार्यकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा पूरे देश में आपातकाल लागू करने को लेक र भाजपाइयों ने उक्त 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम अर्जित किया गया। जिसमें उपस्थित भाजपाइयों ने 25 जून 1975 की दिन को याद कर कांग्रेस पार्टी के द्वारा आपातकाल लागू किए जाने की घटना को लेकर कड़ी निंदा की।इस दौरान आपातकाल में बड़कागांव से कई छात्र नेता जेल गए थे जिसमें अवध किशोर यादव, केदार सिंह, निर्मल सिंह और खेदन साहू को जेल में बंद कर दिया गया था। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा की कांग्रेस के कार्यकाल में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए 1975 ई. 25 जून को भारत देश में आपातकाल लगा दी गई थी। जिसे देश कभी भी भूल नहीं सकता है ।जिसमें विपक्ष के सभी गणमान्य नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। सभी विपक्ष के राजनीतिक पार्टी के गतिविधियों पर पाबंद लगा दिया गया था। मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ समाचार तंत्र को भी प्रतिबंधित कर दिया गया था। सारी शक्तियां पुलिस प्रशासन के हाथों में दे दी गई थी। नागरिकों के कई मौलिक अधिकार पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अवध किशोर यादव एवं डॉक्टर बालेश्वर महतो ने कहा कि उस कालखंड में इंदिरा गांधी की दबंगई देखी गई, जिसमें चुनाव आयोग के अधिकार पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। यह आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा और आजादी के बाद पहली बार हमारे संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के संविधान पर काला प्रहार था। मौके पर गोष्ठी में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. बालेश्वर महतो, पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अनिता देवी, मंडल महामंत्री नर्सिंग प्रसाद, जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, स्वरूप नारायण, फूलचंद गिरी, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय मेहता, अवधेश मिश्रा, फूलचंद राम, तिलानाथ साव,शंकर राम, अवध किशोर कुमार, राज कुमार राणा, अनुज कुमार यादव, संदीप सिंह, राज कुमार राणा, कलीनाथ गुप्ता, जगन्नाथ राम के अलावा दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे



# मेडिकल के नाम पर ठेकाकर्मीयों को काम से निकालना बर्दाश्त नहीं : हीरालाल मांझी

## बिस्थापितो को स्थाई नौकरी ना देकर ,ठेका मजदूरों को मेडिकल का हवाला देकर निकालना बंद करे - मंटू यादव

**बोकारो ।**

बोकरो स्टील प्लांट द्वारा ठेका मे काम करने बाले स्थानीय मूलवासियों को सुगर, ब्लड प्रेशर के नाम पर काम से निकालने एवं संबिदाओं मे स्थानीय को 75% नियोजन नहीं देना इसे झारखंड मुक्ति मोर्चो कभी बर्दास्त नही करेगी और अगर इसपर अभिलंब रोक नहीं लगा और 75% के नीति लागू नहीं किया तो बोकारो स्टील प्लांट का आर्थिक नाकेबन्दी का निर्णय भी लिया जा सकता है उक्त बात सर्किट हाउस मे आयोजित जिला कमिटी के बैठक का अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरिलाल मांझी ने कहा ।जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि बोकरो स्टील प्लांट के पदाधिकारीयों के इस तुगलकी फरमान से उनका बिस्थापित बिरोधी मानसिकता को दर्शाता है ।झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का झारखंड से रोजगार के लिए हो रहे पलायन को रोकने के लिए झारखंड मे कल कारख़ाने से भरे पड़े के लिए निजी, संविदा मे 75% स्थानीय बेरोज़गारों को नियोजित करने का आदेश निर्गत किया गया है जिसका पालन बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है इसके लिये ज़रूरत पड़ने पर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चो कमर कस चूका है ।अपने सम्बोधन मे बोकरो महानगर अध्यक्ष सह बोकारो बिधान सभा प्रभारी मन्टू यादव ने बोकारो स्टील को सलाह देते हुए कहा कि जब यहाँ प्लांट बनने की बात हुई तो यहाँ के मूलवासियों ने अपने जीविकापार्जन का एकमात्र संसाधन जंगल से जमीन तक यह सोचकर दिया था कि उनके बाल बच्चों को प्लांट मे स्थायी नोकरी मिलता रहेगा लेकिन स्थाई नौकरी नहीं मिलने की स्थिती मे आज जब अपने स्तर से ठेका मजदूर के रूप मे काम कर रहा है तो प्रबंधन मेडिकल जांच का बहाना बनाकर उन्हें काम से निकाला जा रहा है जिसके खिलाफ स्थानीय मूल बासियों मे प्रबंधन के इस अमानवीय चरित्र के प्रति भयंकर आक्रोश ब्याप्त है जो कभी भी बिस्फोटक रूप ले सकता है ।इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चो केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन को चेतावनी के साथ साथ सलाह देते हुए कहा कि 2 जून को कोक ओवेन एवं 5 जून को प्लांट गोलचक्कर पर जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा प्रदर्शन का बिडियो पुनः देखलें जिससे उपस्थित हजारों-हजार ठेकाकर्मीयों का आक्रोश इस बात की ओर स्पष्ट संकेत है जो कभी भी प्लांट के चिमनी का धुंआ बन्द कर सकता है और इसलिए नन एन जे सी एस युनियन ने 11 जुलाई को 24 घंटे का हड़ताल नोटिस जारी कर चुका है ।इसलिए समय रहते ब्लडप्रेशर और सुगर के आधार पर काम से निकालना बन्द करें और निकाले गये को काम पर वापस लें ।सेल मे और कहीं भी इस तरह का तुगलकी फरमान नही लागू है तो फिर बोकारो स्टील मे क्यों

अन्त मे निर्णय लिया गया कि 26 जून को उपायुक्त बोकरो को मिलकर इसके बिरोध मे ज्ञापन दिया जायगा तथा 27 जून को पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन एवं मुख्य मंत्री चम्पई सोरेन से भी मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा तत्पश्चात उग्र आन्दोलन का रूप रेखा घोषित किया जायगा ।बैठक मे मुख्य रूप से हसन इमाम अंसारी कलाम अंसारी फिरदौस

अंसारी मनोज हेंब्रम मिथुन मंडल बीरबल किस्कू अजय हेंब्रम उदय गोस्वामी लालमोहन हेंब्रम बिनोद महतो प्रदीप सोरेन शांति सोरेन एकता देवी धनेश तूरी बीरबल हसदा अशोक हेंब्रम पप्पू सरदार सुनील रजवार लखी गोस्वामी सोशल मीडिया राजू सिंह शंभू गुप्ता इत्यादि।




न्यूज़ अपडेट

## भीषण गर्मी को देखते हुए हर कॉलोनी में पेयजलापूर्ति की जा रही है : अपर नगर आयुक्त

**बोकारो।** बोकारो जिला के चास नगर निगम क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया और कुछ वार्ड में जो अभी तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से पानी का पाइप लाइन का काम प्रारंभ नही हुआ है, इन कॉलोनी में अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानियां एवं सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी मुक्ति कीड़ो के निर्देशानुसार टैंकर के माध्यम से आम जनों के बीच जलापूर्ति की जा रही है,वहीं जलापूर्ति को लेकर अपर नगर आयुक्त खुद क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं,जब पत्रकारों के द्वारा पूछा गया तो अपर नगर आयुक्त ने बताया कि हमारे टीम ने चास नगर निगम के विभिन्न वार्डों में भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजलापूर्ति की समस्या एवं पाईप लाईन मरम्मति, चापानल मरम्मति, डीप बोरिंग मरम्मती एवं आपातकाल टैंकर आपूर्ति के लिए टीम गठित कर कार्य किया जा रहा है ,जिस दिन कॉलोनी से पानी की समस्या की सूचना मिलती है तो तुरंत उस कॉलोनी में तत्काल टैंकर के माध्यम से पानी पहुँचाया जा रहा है ,प्रतिदिन लगभग 15 से 20 टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है,जिसमे से भर्रा कॉलोनी ,कैलाश नगर, कमलडीह,चीरा चास, सुल्तान नगर,अंसारी मुहल्ला, जेवियर कॉलोनी, सदर बाजार,रामनगर कॉलोनी, बभनिया गली,स्वर्णकार मुहल्ला,यदुवंश नगर, पिनरगड़िया, वाशुन्धरा कॉलोनी, शिवशक्ति कॉलोनी, नान्दुस्थान कॉलोनी आदि जगहों पर लगातार निगरानी करके टैंकर से पेय जलापूर्ति पहुचाया जा रहा है, पानी की किल्लत से राहत पहुचाने के लिए कॉलोनीवासियों ने चास नगर निगम के कार्य की सराहना कर रहे है ।




## बोकारो इस्पात संयंत्र के सुरक्षा विभाग की मनमानी को लेकर कुमार राकेश ने इस्पात मंत्री को लिखा पत्र

**बोकारो ।** आम आदमी पार्टी झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी सह झुग्गी झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को पत्र लिखकर सेल बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग और सुरक्षा विभाग की मनमानी और तुगलकी फैसले की शिकायत की है।






अपने पत्र में राकेश ने कहा है कि सिटी सेंटर सेक्टर चार के दक्षिणी छोर और इंदिरा गाँधी मार्ग के मध्य सेल प्रबंधन द्वारा सड़क से सटे तीन-चार फीट पर ट्रेंच का गड्ढा खोद दिया गया है। इससे दोपहिया और चार पहिया वाहन खड़ी करने वालों को सड़क पर ही वाहन खड़ी करनी पड़ रही है। बीच हरित क्षेत्र में वाहन खड़ी करने पर सेल सुरक्षा विभाग के अतिक्रमण हटाओ दस्ते के जवान टायर के हवा खोल देते हैं। इससे सिटी सेंटर सेक्टर चार के प्लॉटधारी, दुकानदार, भाड़ेदार और आम ग्राहक परेशान हैं। यही नहीं वल्कि करीब चालीस साल से रोजगार कर रहे तीन दर्जन फुटपाथ दुकानदारों को भी जबरन हटा दिपा गया है। जबकि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत पुनर्वासित किये बिना किसी गरीब शहरी दुकानदार को नहीं हटाया जा सकता है। अब पूरे बोकारो नगर से ऐसे सभी झुग्गी-वासियों और फुटपाथ दुकानदारों को हटाने की तैयारी चल रही है।

आप प्रदेश मीडिया सह प्रभारी ने केंद्रीय इस्पात मंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर बोकारो इस्पात प्रबंधन की मनमानी रोकने का आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

## बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस टू में बड़ा हादसा होते होते टल गया


**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस टू में एक बड़ा हादसा होते होते बचा लिया गया ,जिसमे बाल बाल कामगार बच गए, यह हादसा उस वक्त हुआ जब पिघला हुआ गर्म लोहा लेकर जा रहा लैडल आचानक से असंतुलित हो पलट गया जिससे गर्म लोहा बीच में ही फर्श पर बिखर गया।



मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया। वही बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान का कहना है की ब्लास्ट फर्नेस से एसएमएस -2 के रास्ते में लैडल से कुछ हॉट मेटल का छलकाव ज़रूर हुआ था. हॉट मेटल के गर्म होने के कारण आस-पास की झाड़ियों में थोड़े समय के लिए आग पकड़ने से धुआं देखा गया जिसे फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। इस हादसे में जान माल की किसी प्रकार की कोई क्षति नही हुई है। लैडल का परिचालन थोड़े समय में ही सामान्य करते हुए पुनः आरम्भ कर दी गई है।

## संदिग्ध आवास में छापामारी कर अवैध शराब के धंधेबाजो में तीन गिरफ्तार

**बोकारो।** उपायुक्त के निर्देशानुसार मद्य निषेध अभियान एवं अवैध शराब के चौर्य व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश के आलोक में सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में जिला उत्पाद टीम द्वारा गठित टीम के द्वारा चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत कुम्हरी ग्राम में संदिग्ध मकान में उक्त थाना बल के सहयोग से छापामारी की गई ।विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब ,अवैध सुषव,अवैध तैयार रंगीन शराब,ख़ाली बोतल ,लेबल एवम् ढक्कन बरामद हुआ। घटनास्थल पर मौजूद बबलू साहू,सूरज कुमार महतो, विक्की कुमार महतो को गिरफ्तार कर थाना को सुपुर्द करते हुए उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है।



जिसमे -
विदेशी शराब-179.695 लीटर
अवैध सुषव -260.00 लीटर
ख़ाली बोतल -480
ढक्कन- 3200. लेबल -500. होलोग्राम -5 . सहित दो पहिया वाहन को जब्त किया गया गया

## बोकारो के राम मंदिर में दूर दराज से भक्तगण पूजा करने आते है

### यह मंदिर विवाह स्थल के रूप में काफी प्रसिद्ध है

**बोकारो।**

श्री राम मंदिर बोकारो की स्थापना 1967 ई0 में एक मजदूर नेता पंडित परमानंद त्रिपाठी द्वारा की गई लेकिन यह जो मंदिर है 1970 ई0 के बाद पूर्ण रूप से अस्तित्व में आ गया तब से निरंतर चलता आ रहा है` यह मंदिर श्री राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित की जाती है`
यह मंदिर विवाह स्थल के रूप में काफी प्रसिद्ध है क्योंकि हर वर्ष गरीब लोगो को सस्ती कीमतों पर विवाह का आयोजन किया जाता है तथा हर साल हजारो की संख्या में दूर दूर से दूल्हा दुल्हन आते है और शादी के पवित्र बंधन में बंधते है` यहाँ पर विवाह के कार्यक्रम लिए सभी तरह के सुख सुविधाऐं उपलब्ध है`
यह मंदिर पूरा संगमरमर से बना हुआ है तथा अंदर में काफी जगह है, स्वच्छ पानी की व्यवस्था है साथ में जैसे ही आप गेट के अंदर प्रवेश करेंगे आपको एक जूता चपल स्टैंड मिलेगा आप 1 रु० टिकट देकर अपने जूता चपल को रख सकते है` इस मंदिर में सभी तरह के कार्यकर्मों को पूरा किया जाता है` लोग यहाँ पर मन्नते मंगाते है यदि पूरी होती है तो अपने अपने स्तर पर मन्नते का चढ़ावा चढ़ाते है`
इस मंदिर में आने के बाद आपको काफी शांति महसूस होगी तथा आपमें भक्ति और आस्था जागेगी `पुरे भारत से ही लोग नहीं बल्कि विदेशो से भी लोग आ रहे है और पूरा मंदिर का प्रांगण में भ्रमण करते है काफी मूर्तियां है जिसका वर्णन हम आगे करेंगे` लोग एक बार आने के बाद दुबारा अवशय आते है` यह मंदिर इस क्षेत्र में अपने आप में धर्मस्थल बना हुआ है` मंदिर परिसर में कौन कौन सी मूर्तियां है ?
इस मंदिर परिसर में काफी मूर्तियां है जिसका वर्णन हम करने जा रहे है` सभी देवी देवता अपने आप में काफी महत्व रखती है लेकिन नाम से ही यह मंदिर राम मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है और यहाँ का मुख्य देवता भगवा- राम जी है जिसका विशाल दर्शन आपको होंगे साथ में लक्ष्मण जी और माता सीता भी है` भगवान राम जी के मूर्ति के अलावा वेंकटेश्वर (बालाजी ) मंदिर, गणेश जी का मंदिर, राधाकृष्णा मंदिर, काली जी का मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव परिवार मंदिर, सूर्य मंदिर, हनुमान मंदिर और अन्य है `तथा साथ में पंडित निवास और पवित्र पुस्तकालय भी स्थित है` सभी मंदिर देखने में काफी भव्य तथा सुन्दर है

## तम्बाकू मानव शरीर में 4000 से अधिक बिमारियां पैदा कर सकता हैं

- **शिक्षक व बच्चों की जवाबदेही है, स्कूल को तम्बाकू मुक्त रखें**






**बोकारो ।** मध्य विद्यालय माराफारी एवं मध्य विद्यालय सिवनडीह में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य द्वारा किया गया। सेमिनार में जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू के प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, सेकेंड हैंड स्मोक व उससे होने वाले नुकसान, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को कैसे किया जाये और इसमें बच्चों की क्या जवाबदेही है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

तम्बाकू न हम प्रयोग में लायेंगे और न ही हम अपने घरो में इसका उपयोग करने देगे स्कूल प्राचार्य द्वारा बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू कई प्रकार के है जो मार्केट के अन्दर मिलते है कुछ स्मोकिंग वाले होते है और कुछ चबाने वाले। तम्बाकू किसी भी तरह से लिया जाये तो वह नुकसान करता है चाहे चबा कर, पी कर या मंजन के शकल में लिया जाये। ऐसे मे हम सभी दृढ संकल्प लें कि आज से तम्बाकू न हम प्रयोग में लायेंगे और न ही हम अपने घरो में इसका उपयोग करने देगे। तभी यह कार्यक्रम सफल हो पायेगा और हम सबसे पहले अपने विद्यालय और फिर अपने देश को तम्बाकू मुक्त कर पायेगे।

भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई गाईडलाईन के अनुसार सभी स्कूल में टाफी गाईडलाईन का अनुपालन करना होगा।
विद्यालय के मुख्य द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड दिवाल लेखन होना चाहिए।
विद्यालय के अन्दर यह परिसर भवन तम्बाकू मुक्त है इसका बोर्ड दिवाल लेखन होना चाहिए। परिसर के अन्दर तम्बाकू, तम्बाकू उत्पाद के उपयोग का कोई सबूत नही है, अर्थात सिगरेट बीड़ी बटस या छोडे गए गुटका तम्बाकू के पाउच थूकने के धब्बे नही होना चाहिए।

परिसर में तबाकू के दुष्परिणाम को दर्शाती पोस्टर एवं अन्य जागरूकता सामग्री का प्रर्दशन किया गया हो।

पिछले 6 महीनों के दौरान कम से कम एक बार तम्बाकू नियंत्रण पर कोई गतिविधि का आयोजन करना। तम्बाकू मॉनिटर का नाम पदनाम और सम्पर्क नम्बर का उल्लेख साइनेज पर किया गया हो। शिक्षण संस्थान के आचार संहिता के कोड में तम्बाकू का उपयोग नही'' किए जाने संबंधित मानदंड का समावेश।

शिक्षण संस्थान की चाहरदीवारी से 100 गज क्षेत्र के दायरे में पीली रेखा द्वारा तम्बाकू मुक्त क्षेत्र'' अंकित किया गया हो। शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने वाली दुकाने न हों।
सेमिनार के दौरान सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जेपीएससी एवं जेएसएससी में उम्र सीमा बढ़ाने की मांग की

**पेटरवार ।**

झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को एक महत्वपूर्ण पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने जेपीएससी एवं जेएसएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलने वाली अधिकतम उम्र सीमा की छूट को 2 वर्ष से 5 वर्ष करने हेतु नियमावली में आवश्यक संशोधन करने की पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि अभी राज्य में अधिकतम 2 वर्ष की उम्र सीमा में छूट दी जाती है। जबकि, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्गों को उम्र सीमा के पांच साल की छूट दी जाती है। झारखंड में उम्र सीमा में 5 साल की छूट नहीं मिलने से अत्यंत पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अपने हक,अधिकार से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि पिछड़ा वर्ग आयोग की 20 फरवरी को आहूत बैठक में उक्त मामले पर विस्तृत विचारोपरांत लिए गए निर्णय के आलोक में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को उम्र सीमा में 5 वर्षों की छूट प्रदान करने के अनुशंसा आयोग के पत्रांक 85/ पि0 दिनांक 27 फरवरी द्वारा कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची को प्रेषित किया गया है परंतु अभी तक कृत कार्रवाई की सूचना प्राप्त नहीं हुई है ,



अध्यक्ष ने प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में व्यापक रूप से विभिन्न पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई किया जाना है। जिसमें पिछड़ी जाति एवं अत्यंत पिछड़ी जाति के अभ्यर्थी वंचित न रह जाए, इसके लिए आयोग द्वारा दिनांक 25 जून की बैठक में पुनः सरकार को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया गया है। श्री महतो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पास किए गए,

आयोग के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष को संबोधित संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र छाया प्रति संलग्न के आलोक में तमिलनाडु आंध्र प्रदेश मध्य प्रदेश एवं बिहार की तर्ज पर झारखंड राज्य में भी पिछले वर्ग के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु स्वतंत्र पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय एवं निदेशालय का गठन करने का प्रस्ताव सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया।
आयोग द्वारा गठित टीम ने मध्य प्रदेश एवं बिहार राज्य का भ्रमण कर ट्रिपल टेस्ट के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का अध्ययन किया है। तुलनात्मक समीक्षा के उपरांत झारखंड राज्य में ट्रिपल टेस्ट का कार्य मध्य प्रदेश राज्य द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के तर्ज पर करने का निर्णय लिया गया।

पिछले वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखंड, रांची की टीम को बिहार भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि बिहार के सभी जिलों में पिछले वर्गों के लिए कन्या आवासीय विद्यालय संचालित है। झारखंड राज्य के सभी जिलों में पिछड़ी जाति के बालक एवं बालिकाओं के लिए आवश्यक विद्यालय खोलने के अनुशंसा अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया।


# मेडिकल के नाम पर ठेकाकर्मीयों को काम से निकालना बर्दाश्त नहीं : हीरालाल मांझी

## बिस्थापितो को स्थाई नौकरी ना देकर ,ठेका मजदूरों को मेडिकल का हवाला देकर निकालना बंद करे : मंटू यादव

**बोकारो।**

बोकरो स्टील प्लांट द्वारा ठेका मे काम करने बाले स्थानीय मूलवासियों को सुगर, ब्लड प्रेशर के नाम पर काम से निकालने एवं संबिदाओं मे स्थानीय को 75% नियोजन नहीं देना इसे झारखंड मुक्ति मोर्चो कभी बर्दास्त नही करेगी और अगर इसपर अभिलंब रोक नहीं लगा और 75% के नीति लागू नहीं किया तो बोकारो स्टील प्लांट का आर्थिक नाकेबन्दी का निर्णय भी लिया जा सकता है उक्त बात सर्किट हाउस मे आयोजित जिला कमिटी के बैठक का अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरिलाल मांझी ने कहा ।जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि बोकरो स्टील प्लांट के पदाधिकारीयों के इस तुगलकी फरमान से उनका बिस्थापित बिरोधी मानसिकता को दर्शाता है ।झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का झारखंड से रोजगार के लिए हो रहे पलायन को रोकने के लिए झारखंड मे कल कारख़ाने से भरे पड़े के लिए निजी, संविदा मे 75% स्थानीय बेरोज़गारों को नियोजित करने का आदेश निर्गत किया गया है जिसका पालन बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है इसके लिये ज़रूरत पड़ने पर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चो कमर कस चूका है ।अपने सम्बोधन मे बोकरो महानगर अध्यक्ष सह बोकारो बिधान सभा प्रभारी मन्टू यादव ने बोकारो स्टील को सलाह देते हुए कहा कि जब यहाँ प्लांट बनने की बात हुई तो यहाँ के मूलवासियों ने अपने जीविकापार्जन का एकमात्र संसाधन जंगल से जमीन तक यह सोचकर दिया था कि उनके बाल बच्चों को प्लांट मे स्थायी नोकरी मिलता रहेगा लेकिन स्थाई नौकरी नहीं मिलने की स्थिती मे आज जब अपने स्तर से ठेका मजदूर के रूप मे काम कर रहा है तो प्रबंधन मेडिकल जांच का बहाना बनाकर उन्हें काम से निकाला जा रहा है जिसके खिलाफ स्थानीय मूल बासियों मे प्रबंधन के इस अमानवीय चरित्र के प्रति भयंकर आक्रोश ब्याप्त है जो कभी भी बिस्फोटक रूप ले सकता है ।इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चो केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन को चेतावनी के साथ साथ सलाह देते हुए कहा कि 2 जून को कोक ओवेन एवं 5 जून को प्लांट गोलचक्कर पर जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा प्रदर्शन का बिडियो पुनः देखलें जिससे उपस्थित हजारों-हजार ठेकाकर्मीयों का आक्रोश इस बात की ओर स्पष्ट संकेत है जो कभी भी प्लांट के चिमनी का धुंआ बन्द कर सकता है और इसलिए नन एन जे सी एस युनियन ने 11 जुलाई को 24 घंटे का हड़ताल नोटिस जारी कर चुका है ।इसलिए समय रहते ब्लडप्रेशर और सुगर के आधार पर काम से निकालना बन्द करें और निकाले गये को काम पर वापस लें ।सेल मे और कहीं भी इस तरह का तुगलकी फरमान नही लागू है तो फिर बोकारो स्टील मे क्यों

अन्त मे निर्णय लिया गया कि 26 जून को उपायुक्त बोकारो को मिलकर इसके बिरोध मे ज्ञापन दिया जायगा तथा 27 जून को पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन एवं मुख्य मंत्री चम्पई सोरेन से भी मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा तत्पश्चात उग्र आन्दोलन का रूप रेखा घोषित किया जायगा ।बैठक मे मुख्य रूप से हसन इमाम अंसारी कलाम अंसारी फिरदौस अंसारी मनोज हेंब्रम मिथुन मंडल बीरबल किस्कू अजय हेंब्रम उदय गोस्वामी लालमोहन हेंब्रम बिनोद महतो प्रदीप सोरेन शांति सोरेन एकता देवी धनेश तूरी बीरबल हसदा अशोक हेंब्रम पप्पू सरदार सुनील रजवार लखी गोस्वामी सोशल मीडिया राजू सिंह शंभू गुप्ता इत्यादि।




न्यूज़ अपडेट

## विधवा परिवार को रिस्तेदारों नें प्रताड़ित कर किया बेघर, जान-माल का खतरा

**श्रमबिंदु /धनबाद** । धनबाद के कृष्णा नगर हीरापुर निवासी एक विधवा रूपा सिंह ने महिला थाना में एक लिखित शिकायत देकर स्वयं एवं अपने बच्चों के ऊपर जान का खतरा बताया है। उन्होंने अपने सास ससुर और देवर पर धनबाद शहर सहित गांव की अचल संपत्ति को हड़पने की आशंका जताया है।पिछले 23 जून को सास सीता देवी और ससुर विजय सिंह ने अपनी विधवा बहु रूपा के साथ मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया।वे भय के मारे बेटे को लेकर घर से निकल गयी। रूपा की एक संतान पत्रकार है,जिसने धनबाद थाना और महिला थाना में आवेदन पर त्वरित और यथोचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। लेकिन दोनों थानों की पुलिस ने कोई संज्ञान नहीं लिया। देर रात पत्रकार पुत्री ने सिटी एसपी को इसकी जानकारी दी,तब पुलिस हरकत में आई। सास ससुर के भय से यह परिवार बेघर होकर गांव चला गया।पीड़ित पत्रकार ने मामले की शिकायत पीजी पोर्टल पर पीएमओ और सीएमओ में भी की है।

## जीतपुर कोलियरी को चालू कराने हेतु जमसं के बैनर तले ठेका मजदूरों ने शुरू किया आंदोलन,

- **भूख हड़ताल का दिया चेतावनी**



**श्रमबिंदु /धनबाद** । सेल कंपनी के बंद जीतपुर कोलियरी में उत्पादन कार्य चालु करने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के बैनर तले ठेका मजदूरों ने कोलियरी के मुख्य गेट पर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मजदूरों का नेतृत्व संघ के शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी एवं अध्यक्ष रवींद्र गोप ने किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए कोलियरी कि बंदी के लिए अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया। श्री तिवारी ने कहा कि खदान में चाल से पानी का रिसाव हो रहा है। प्रबंधन और डीजीएमएस के अधिकारी साजिश रचकर खदान को हमेशा के लिए बंद करना चाह रही है। प्रबंधन कि गलत मंशा साफ दिख रही है तभी तो मजदूरों का पीएफ कि कटौती को बंद किया गया है ठेका मजदूरों को आवास खाली करने को लेकर नोटिश दिया जा रहा है। 100 वर्ष पुरानी सेल के एकमात्र जीतपुर कोलियरी को अधिकारियों के साजिश के चलते डीजीएमएस और सिंफर द्वारा पानी रिसाव कि जांच के आड़ में जानबूझकर खदान को चालू कराने कि दिशा में टालमटोल कर रही है। उन्होंने कहा कि खदान में कोयला उत्पादन बंद होने से सैकड़ों ठेका मजदूरों के परिवार के समक्ष भुखमरी कि समस्या आ खड़ी हो गई है। कई ठेका मजदूर के बच्चे आर्थिक अभाव में स्कूल में पठन पाठन बंद हो गया है। स्थानीय दुकानदारो कि व्यवसाई भी चरमरा गयी है। प्रबंधन को सैकड़ों परिवार के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने कि छूट किसी कीमत पर नहीं दिया जाएगा। शाखा अध्यक्ष रवींद्र गोप ने चेतावनी दिया कि प्रबंधन ने अगर जीतपुर कोलियरी को चालू करने कि दिशा में पहल नहीं किया तो दो दिन बाद मजदूर भूख हड़ताल पर जाने को बाध्य होगे। मोके पर दुर्गा चरण महतो,विनय पांडये, प्यारे लाल नौनिया,दिनेश कुमार,अनिल यादव, प्रकाश बर्मा,शंकर महतो,विकाश कुमार महतो, दीपक कुमार सिंह ,शिव कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

## आईआईटी आईएसएम में खनन सर्वेषक्षक के प्रशिक्षण सिविर का उद्घाटन



**श्रमबिंदु / धनबाद** ।कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की विभिन्न अनुसंगी ईकाइयाँ जैसे कीभारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनईसीएल) में कार्यरत कुल 82 खदान सर्वेयरों का खान सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी में प्रगति पर क्ष्ळ (क्षट) धनबाद में आज छह सप्ताह के गहन पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में खान सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी की बारीकियों से परिचय हुआ ।

मौका था छह सप्ताह के कार्यक्रम के पहले दिन का जिसका उद्घाटन आज आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के कार्यकारी विकास केंद्र में किया । जियोडेसी, रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), ढलान स्थिरता और धंसाव निगरानी आदि के बारे में खान सर्वेक्षणकर्ताओं को अवगत कराने के लिए आयोजित किया जा रहा पाठ्यक्रम आईआईटी (आईएसएम) के खनन इंजीनियरिंग विभाग द्वा-रा ळएद्रठ ऋ्ध४ल्ल३ङ्घल्ल, जो की एक अनुभाग 8 कंपनी है के सहयोग से चलाया जा रहा है

भाग लेने वाले खदान सर्वेक्षकों को संबोधित करते हुए, जिसमें निजी खदान उत्खननकर्ताओं के कुछ सर्वेक्षक भी शामिल थे, प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने भूमिगत और सतह के माप, मानचित्रण और प्रबंधन की प्रक्रिया के माध्यम से खनन कार्यों में सुरक्षा और संसाधन प्रबंधन सुनिश्चित करने में खदान सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

आईआईटी (आईएसएम) निदेशक ने कहा, ₹शाफ्ट, सुरंगों, भूमिगत सतह आदि की सटीक माप से बाढ़, छत गिरने और उपकरण क्षति जैसी दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है₹ और कहा कि सैटेलाइट इमेजरी, ड्रोन और एरियल छ्अफजैसी उन्नत प्रौद्योगिकियां खदानों के सतह पर हो रहे परिवर्तनों का पता लगाने में मदद कर सकती हैं।

प्रोफेसर धीरज कुमार, उप निदेशक आईआईटी (आईएसएम) जो उद्घाटन समारोह के दौरान पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में भी उपस्थित थे, ने संस्थान में एकत्रित खनन सर्वेक्षणकर्ताओं को बताया की व्याख्यान और ट्यूटोरियल के अलावा, चर्चा, भ्रमण और भूमिगत क्षेत्र का व्यापक दौरा भी छह सप्ताह के कार्यक्रम में शामिल है।

खनन इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, प्रोफेसर देवी प्रसाद मिश्रा ने भाग लेने वाले खान सर्वेक्षणकर्ताओं को अपने संबोधन में, उनसे अपने खान सर्वेक्षण कौशल को प्रखर करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे छह सप्ताह के पाठ्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

खनन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर वसंत गोविंद कुमार विल्लुरी, जो प्रोफेसर मोहम्मद सोएब आलम के साथ दो पाठ्यक्रम सह समन्वयकों में से एक के रूप में उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित थे, ने कहा कि खदान सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए समय-समय पर ऐसे पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। खदानों के सर्वेक्षण में नवीनतम तकनीकों के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए, इस बार अधिकांश प्रतिभागियों के पास संबंधित संगठनों में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# गृहस्वामी को बंधक बनाकर हथियार बंद डकैतों ने धनबाद में चार लाख के आभूषण लूटी

## विरोध करने पर गृहस्वामी पति पत्नी के साथ की गई मारपीट, पुलिस के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश

**संवाददाता।**

**धनबाद।** धनबाद जिले के पश्चिमी टुंडी के मनियाडीह थाना क्षेत्र के बस्तीकुल्ही गांव में सोमवार की रात हथियार से लैस डकैतों ने राशन दुकानदार में धावा बोलकर करीब चार लाख की संपत्ति लूट ली। डकैतों ने गृहस्वामी को बंधक बनाकर मारपीट कर घायल भी कर दिया। घटना की सूचना मनियाडीह पुलिस को देने के बाद भी घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश है।

- **पिस्टल से लैस डकैतों ने दिया लूटकांड को अंजाम**

बस्तीकुल्ही गांव में रात करीब साढ़े 12 बजे आधा दर्जन की संख्या में पिस्टल से लैस होकर डकैतों ने राशन दुकानदार शुकर मुर्मू के घर में धावा बोल दिया। उस समय पति पत्नी बगल के गांव पहाड़पुर के एक शादी समारोह से लौटकर सोये हुए थे। डकैतों ने पति-पत्नी को पिस्टल का भय दिखाकर बंधक बना लिया। विरोध करने पर मारपीट की और एक कमरे में बंद कर दिया।

इस दौरान डकैतों ने राशन दुकान में रखें करीब 35 हजार नगदी, सोने का दो लाकेट, सोने की दो जोड़ी कानबाली सहित सोने के जेवरात व चांदी के सामान लूट कर चलते बचे। लूटे गए आभूषणों का वजन करीब एक किलो था। गृहस्वामी शूकर मुर्मू ने बताया कि सभी डकैत खोरठा, हिंदी, संथाली में आपस में बातचीत कर रहे थे।

- **पुलिस को लेकर लोगों में आक्रोश**

गृहस्वामी ने बताया कि लूटकांड के बाद डकैतों के जाने के बाद हमने आवाज देकर ग्रामीणों को बुलाया व बंधक से मुक्त होकर लोगों को आपबीती सुनाई व पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय मुखिया इंद्रलाल बास्की घटनास्थल पहुंचे व भुक्तभोगी से घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना की जानकारी मनियाडीह पुलिस को भी दी। लेकिन घटना के 12 से 13 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। इससे गांव में दहशत का माहौल है। लोगों में पुलिस की इस लापरवाही को लेकर काफी गुस्सा और आक्रोश है।

## फर्जी पॉलिसी बांड देकर रिटायर शिक्षिका से 55 लाख रुपए ठगी

**संवाददाता।**



**निरसा।** पंचेत निवासी सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षिका से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) व एमआईएस कराने के नाम पर एक निजी इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट ने फर्जी व जाली सर्टिफिकेट देकर 55 लाख रुपए ठगी कर ली है। झांसा देकर एजेंट ने उसके जीवन भर की सारी कमाई ठगी कर ली। सभी पॉलिसी बांड पर निरसा, गोमो और कुल्टी ब्रांच की फर्जी मुहर लगी है। इसका खुलासा तब हुआ जब आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की आसनसोल ब्रांच ने सभी पॉलिसी सर्टिफिकेट को फर्जी बताया। इसके बाद भुक्तभोगी शिक्षिका रंजीत कुमारी ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के एजेंट राजेंद्र प्रसाद व उसकी शिक्षिका पत्नी तनु कुमारी के खिलाफ धनबाद कोर्ट में सीपी केस दर्ज कराई है। पंचेत पुलिस ने भुक्तभोगी शिक्षिका को थाने में बुलाकर मामले की पूरी जानकारी ली। पीड़िता ने बताया कि एजेंट राजेंद्र प्रसाद की शिक्षिका पत्नी पंचेत में एक ही स्कूल में साथ में पढ़ाती थी। जिसके वजह से अच्छी जान पहचान हो गई। उसने अपने पति से आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का एजेंट होने का परिचय कराया। उसने फिक्स्ड डिपॉजिट व एमआईएस में अच्छी मुनाफा होने की बात कही। इसके बाद एजेंट राजेंद्र के माध्यम से 2016 से 2023 तक 20 एफडी के तहत 2952464 रुपये और 13 एमआईएस में 1060620 रुपये जमा किया। कुछ पॉलिसी के मैच्योरिटी मिली। अन्य पॉलिसी पूरा होने पर एजेंट राजेंद्र कहीं भाग गया। फोन पर भी बात नहीं हो पा रही थी। कोई रिसपांस नहीं मिल रहा था। उसकी पत्नी ने भी पंचेत से निरसा ट्रांसफर ले ली। तब सभी सर्टिफिकेट लेकर आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस की आसनसोल कार्यालय गई। सर्टिफिकेट देखकर शाखा के अफसरों ने जाली व फर्जी बताया। यह सुनकर पैरों तले जमीन खिसक गई। पंचेत ओपी ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद कोर्ट से सीपी केस दर्ज कराई गई। इधर एजेंट राजेंद्र प्रसाद ने सभी आरोप को गलत बताया। कहा कि उसे आरोप साबित करना होगा। जब मामला कोर्ट में गया है तो जबाव दिया जाएगा।

## कोयला खदान सुरक्षा संयुक्त संघर्ष समिति का गठन, कोयला चोरी रोकने का लिया संकल्प



**धनबाद।** पंचेत ओपी क्षेत्र के पतलाबाड़ी नंदी स्वीट्स में मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता टाइगर फोर्स के कार्यकर्ता चंदन नंदी ने की। स्थानीय ग्रामीणों ने कोयला खदान सुरक्षा संयुक्त संघर्ष समिति नामक संगठन का गठन किया। कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की कोयला चोरी नहीं होने देंगे। रतजगा कर समिति से जुड़े कार्यकर्ता कोयला चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर प्रशासन की मदद करेंगे। पुलिस उस पर कानूनी कार्रवाई करेगी। लूचीबाद गांव में इन दिनों अवैध खनन माफियाओं के द्वारा सरकारी खनिज संपदा कोयला की चोरी पुलिस के नाक के नीचे से धड़ल्ले से चल रही है। माफियाओं को किसी का डर नहीं है। इन्हें किनका संरक्षण प्राप्त है, यह तो जांच का विषय है। समिति की ओर से डीसी, एसएसपी, सीएम चंपाई सोरेन, सांसद, विधायक सहित सभी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समिति में मुख्य संयोजक चंदन नंदी, सह संयोजक दुर्गा देवी, रानी सिंह, निशांत मिंज, निक्कू शर्मा होंगे। मौके पर मुख्य संयोजक चंदन नंदी, निशांत मिंज, दुर्गा देवी, रानी सिंह, गीता गिरी, गीता देवी, बबली देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी, मंगली देवी, रिंकी साव, पुनम मिश्रा, सरोबाली रजवार, अमरनाथ नोनिया, जसवीर पासवान, मल्लिक कुमार, राहुल कुमार, कन्हैया यादव, राज कुमार तिवारी, आदित्य कुमार सिंह, दिलीप सिंह, अशोका देवी, राधिका देवी, बेबी देवी, बेदोनी देवी, प्र''ाद पासवान, दीपाली बाउरी, रुपा बाउरी, गीता देवी आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा देवी ने किया।

## सीएम चंपााई के आगमन को लेकर उपायुक्त एवं एसएसपी ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट,पुलिस समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को किया ब्रीफ

- **धनबाद जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री होंगे शामिल ,**
- **सारे प्रोटोकॉल के मानकों का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं- उपायुक्त ,**
- **शहर की ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**




**श्रमबिंदु/धनबाद** । माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, चम्पाई सोरेन कल 26 जून को धनबाद जिला के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

धनबाद आगमन हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन के संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन,धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता ,भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में ब्रीफिंग किया गया।

उपायुक्त ने कहा की सभी लोग अपने काम में अलर्ट, सिंसियर एवं फोकस रहे। माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैलीपैड पर भी सारी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। सभी स्थानों पर सुरक्षा बल की तैनाती, प्रवेश द्वार पर विशेष सुरक्षा, वीआईपी, लाभुक समेत आम नागरिकों के बैठने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

साथ ही साथ सिविल सर्जन एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है और अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। तय रूट मैप के अनुसार वाहनों की पार्किंग तथा कुछ स्थलों पर वाहनों की नोइंट्री रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा अग्निशमन विभाग की गाड़ियां चिन्हित स्थानों पर उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौके पर सीटी एसपी, रूरल एसपी, निदेशक डीआरडीए, डीएसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन,धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता ,भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## उर्से जहाँगीरी लोयाबाद में शुरू

- **आज है कुल शरीफ का फातिहा ,**
- **यह उर्स अल्लामा सैयद शाह अब्दुल हयी चटगामी र.अ. की याद में पूरी दुनिया में मनाया जाता हैझ्र आसवी**



**श्रमबिंदु /धनबाद।** हर साल की तरह इस साल भी लोयाबाद में उर्से जहाँगीरी बहुत ही धूम धाम से मनाया जा रहा है।

इसकी जानकारी प्रबन्धक सूफी मकसूदुल हसन आसवी और सूफी गुलाम गौस आसवी ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें आस पास के श्रद्धालुओं के साथ साथ दूर दराज़ से भी चलकर लोग शामिल होने के लिए आते हैं। यह उर्स बांग्लादेश में आराम फरमा फखरुल आरिफीन अल्लामा व मौलाना हज़रत सैयद शाह अब्दुल हयी चटगामी र.अ. की याद में पूरी दुनिया में मनाया जाता है। धनबाद के लोयाबाद में यह पिछले करीब पैंतीस साल से लगातार हो रहा है।

मंगलवार की रात में बाद नमाज़े एशा मीलाद शरीफ, हल्का-ए-ज़िक्र, शब बेदारी हुई। मौलाना अब्दुल खालिक साहब ने औलिया ए कराम की शान में बयान दिए। नातख्वां में फैज़ाने मुर्शिद और कौसर रज़ा ने मन×कबत इश्के नबी में डूबे हुए कलाम पेश किए। औरंगाबाद से आए हुए नातख्वां ज़ियाउर्रसूल ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। साथ ही, आज बुधवार को बाद नमाज़े फज्र कुरानख्वानी, 10 बजे दिन कुल शरीफ, जोड़ापोशी, महफिले सिमा और लंगरे आम, दुआ ए खैर का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

यह उर्स पाक हज़रत अल्लामा कारी सूफी ज़यिाउल लतीफ़ आसवी साहब क़िबिला, मद्द ज़िल्लहुल आली, सज्जादानशीन व मतवल्ली, और पीरज़ादा हज़रत डॉ. मौलाना सूफी गुलाम यज़दानी आसवी नायब सज्जादानशीन व मतवल्ली, दरगाहे मोअल्ला आसविया राशिदिया, चांद औलिया, मधपुर शरीफ, उतरौला, ज़िला बलरामपुर, यूपी से सरपरस्ती में हो रही है। इस लिए शिरकत की अपील करते हुए जुमला मुहिब्बाने औलिया से पुर खुलूस अपील की गई है कि सभी इस जश्न के सभी प्रोग्राम में शामिल होकर फैज़ से मालामाल हों।

## झारखंड के सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले₹ वादा पुरा- करो सरकार , राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत आज वेतनमान सहित अन्य मांगो को लेकर झारखण्ड सरकार के मंत्री - विधायक को घेरेगें, सौपेगें मांग पत्र, मांगेंगे जवाब

**धनबाद** ।सरकार के खिलाफ उलगुलान का कल बुधवार से होगा शंखनाद , किया जायेगा,अपने पुराने आंदोलन की तरह धार देने के लिए गली-मुहल्ले,शंकुल- प्रखंड में सहायक अध्यापक ( पा-रा शिक्षक ) की संकल्प सभा होगी ।30 जून हुल दिवस पर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों मशाल जुलूस निकाल कर सरकार का प्रतिकार किया जायेगा वहीं मांगें पुरी नही होने से 20 जुलाई से पूर्व मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार बनने के तीन माह में वेतनमान देने वायदा सवा चार वर्षों में भी पूरा नहीं किया.

पिछले चार माह से राज्य में चंपई सोरेन की सरकार है, जो स्वयं को हेमंत पार्ट 2 कहते हैं लेकिन इसमें भी पारा शिक्षकों का कुछ काम नहीं हुआ,

वर्तमान समय में राज्य के 62 हजार पारा शिक्षक सरकार बनने के साढ़े चार वर्ष बीतने के बावजूद वेतनमान नहीं मिलने, ईपीएफ तथा अनुकंपा नहीं मिलने, आंदोलन के क्रम में रघुवर सरकार द्वारा किए गए केस वापसी नहीं होने सहित विभिन्न मांगों की पूर्ति नहीं होने हुआ।

### मांग

- (1) वेतनमान एवं राज्यकर्मी का दर्जा ----- सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों के तर्ज पर वेतनमान (9300---34800 ) एवं बिहार राज्य के तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाय।
- 2- सहायक अध्यापको को कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ यथाशीघ्र दिया जाय।
- 3- झारखण्ड अधिविध परिषद राँची के हठधर्मिता के कारण आकलन परीक्षा के प्रश्नों के त्रुटिपूर्ण उत्तर के संशोधित परिणाम यथाशीघ्र जारी करने के साथ-साथ आकलन उत्तीर्णता के प्रमाण पत्र एवं द्वितीय आकलन परीक्षा आयोजित किया जाय। द्वितीय आकलन पर-ीक्षा में ईडब्ल्यूएस एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार अंकों का अधिभार दिया जाए
- (4) सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 में अंकित प्रावधानों के अनुरूप सहायक अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ सहायक अध्यापकों के आश्रितों को योग्यता अनुरूप लचीला किया जाय ।
- (5) सहायक अध्यापकों के साथ सामाजिक न्याय करते हुए आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका की तरह सेवानिवृत्ति 65 वर्ष किया जाय .
- 6-बिहार सरकार के नियोजित शिक्षकों की तरह सीटेट एवं आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को टेट के समतुल्य लाभ दिया जाय।

ईधर झारखण्ड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक चक्रवर्ती ने कहा कि कल बुधवार को राज्य व्यापी घोषित कार्यक्रम के तहत सत्तापक्ष के विधायक टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के सिजुआ आवास एवं झरिया विधायक श्रीमति पुर्णिमा निरज सिंह से मिलकर ज्ञापन देगें ।

## यात्री सुविधाओं व एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एनसीपी ने दिया धरना

**संवाददाता।**



**धनबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी के नेतृत्व में आसनसोल मंडल के थापरनगर स्टेशन पर यात्रि सुविधाओं व महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना दो घंटे तक चली। इसके बाद आसनसोल डीआरएम के नाम थापरनगर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। बिजली, पानी, सड़क, शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है। अप एंड डाउन प्लेटफॉर्म आमने-सामने नहीं है। दोनों प्लेटफॉर्म दो छोर पर हैं। अप प्लेटफॉर्म पूर्व में है तो डाउन प्लेटफॉर्म पश्चिम दिशा में। आने-जाने का रास्ता रेलवे ट्रैक से है। लोग जान जोखिम में डाल कर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाते हैं। कहा कि थापरनगर स्टेशन कोलियरी, स्कूल, कॉलेज, पालीटेक्निक, थाना, ओपी , तीन प्रखंड, मैथन थर्मल पावर, डीवीसी, बैंकों के अलावा छोटे बड़े कल कारखाने से घिरा हुआ है। यहां बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली के लोग व्यवसाय से जुड़े हैं। बहुत लोग नोकरी करते हैं।लेकिन आने-जाने के लिये स्टेशन पर से महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। एक्सप्रेस ट्रेनों को पकड़ने के लिये लोगों को 30 किमी आसनसोल या 30 किमी धनबाद जाना पड़ता है। लोगों को मानसिक व आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। कहा कि दुखद बात है, दो-चार ट्रेनें गोमो-धनबाद से आसनसोल-वर्धमान तक चलती है। उन मेमू ट्रेनों में एक्सप्रेस का किराया लिया जाता है। अन्य सुविधाओं के साथ शक्तिपुंज, मौर्य, पाटलिपुत्र, कोलफील्ड, ब्लैक डायमंड, देहरादून, जम्मूतवी, धनबाद पटना इन्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग किया है। रेलवे के वरीय अधिकारियों पर थापरनगर स्टेशन के साथ भेदभाव करने का भी आरोप लगाया है। कहा कि अगस्त माह तक समस्याओं के समाधान में सार्थक पहल नहीं किया गया तो बाध्य होकर उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी रेल प्रबंधन पर होगी।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com